


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 15, अंक 59 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, सोमवार 05 जनवरी 2025 www.samaydarshan.in

## पहला कॉलम

### सीएम भगवंत मान ने जारी किया पंजाब सरकार का 2026 का कैलेंडर और डायरी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज अपने सरकारी आवास पर वर्ष 2026 के लिए पंजाब सरकार की आधिकारिक डायरी और कैलेंडर जारी किया, जो सरकार के दैनिक कार्यकलापों की जानकारी देने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थागत प्रकाशन है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि कैलेंडर और डायरी का लेआउट डिज़ाइन सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया है तथा नियंत्रक मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग द्वारा इसका मुद्रण किया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, सचिव सूचना एवं लोक संपर्क रामवीर सिंह, निदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विमल सेतिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नितिन कोहली ने 5.89 करोड़ रुपए के सड़क कार्यों का किया उद्घाटन

**जालंधर।** जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के सूर्या एन्क्लेव, महाराजा रणजीत सिंह एवेन्यू और गुरु गोबिंद सिंह एवेन्यू और आस-पास के इलाकों में ?5 करोड़ 89 लाख की लागत से सड़क विकास के कामों का उद्घाटन जालंधर सेंट्रल के हलका इंचार्ज नितिन कोहली ने किया। इस मौके पर जालंधर के मेयर विनीत धीर भी खास तौर पर मौजूद थे। इस प्रोजेक्ट के तहत, लंबे समय से खराब हालत में पड़ी सड़कों को फिर से बनाया गया है, जिससे इलाके के लोगों को बेहतर, सुरक्षित और आसान ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलेगी। यह काम इलाके की पुरानी मांग थी, जो अब ज़मीन पर पूरी हुई है। उद्घाटन समारोह के दौरान, नितिन कोहली ने कहा कि जालंधर सेंट्रल का विकास उनका सबसे बड़ा एजेंडा है और जनता से किए गए हर वादे को पूरा करना उनके काम करने के तरीके का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी शहर की रीढ़ होती हैं और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के बिना पूरा विकास मुमकिन नहीं है। आने वाले समय में इलाके की हर कॉलोनी और हर गली तक विकास के काम पहुंचाए जाएंगे। मेयर विनीत धीर ने कहा कि नगर निगम और हलका इंचार्ज के आपसी सहयोग से जालंधर में विकास के काम तेजी से पूरे हो रहे हैं।

### हिमाचल प्रदेश में छात्रा से रैगिंग, पिटाई और यौन उत्पीड़न, तड़प-तड़पकर तोड़ा दम

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित एक सरकारी कॉलेज में सेकेंड ईयर की 19 वर्षीय छात्रा की मौत के बाद बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने छात्रा की मौत के मामले में तीन वरिष्ठ छात्राओं और कॉलेज के प्रोफेसर अशोक कुमार के खिलाफ रैगिंग, मारपीट और यौन उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोप है कि लगातार प्रताड़ना और हिंसा के चलते छात्रा गहरे मानसिक तनाव में चली गई। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। छात्रा ने अपनी मौत से पहले मोबाइल पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसने अपने साथ हुई कथित प्रताड़ना की पूरी आपबीती बताई। वीडियो में छात्रा ने आरोप लगाया कि संबंधित प्रोफेसर ने उसके साथ गलत तरीके से व्यवहार किया और यौन उत्पीड़न किया।

## वेनेजुएला में अमेरिकी हमले से 40 मौतें

# सुप्रीम कोर्ट ने डेल्सी रोड्रिगेज को सौंपी राष्ट्रपति की कमान

वेनेजुएला/ एजेंसी

वेनेजुएला इस समय अपने सबसे संवेदनशील राजनीतिक दौर से गुजर रहा है। अमेरिकी हमले में 40 लोगों की मौत और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की हिरासत के बाद देश की राजनीति में अचानक भूचाल आ गया है। इस असाधारण स्थिति के बीच वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त करने का आदेश दिया है। अदालत का कहना है कि यह फैसला किसी सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से नहीं, बल्कि प्रशासनिक निरंतरता और राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के लिए लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने स्पष्ट किया कि मादुरो की अनुपस्थिति में सरकार के कामकाज में कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए। इसी कारण डेल्सी रोड्रिगेज को बोलीवेरियन रिपब्लिक ऑफ वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अदालत ने यह भी संकेत दिया है कि मौजूदा हालात में कानूनी और संवैधानिक पहलुओं पर आगे विचार किया जाएगा, ताकि राज्य



की संप्रभुता, सरकार का संचालन और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका की कार्रवाई को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई देशों और संगठनों ने इस घटनाक्रम पर चिंता जताई है, जबकि मादुरो समर्थकों का कहना है कि यह वेनेजुएला की संप्रभुता में सीधा हस्तक्षेप है। देश के भीतर भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और आम जनता के बीच अनिश्चितता का माहौल है। डेल्सी रोड्रिगेज वेनेजुएला की राजनीति में एक प्रभावशाली और अनुभवी नेता मानी जाती हैं। वे पहले भी सरकार के कई अहम फैसलों में केंद्रीय भूमिका निभा चुकी हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वेनेजुएला का पक्ष मजबूती से रखती रही हैं। कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में डेल्सी रोड्रिगेज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यही होगी कि प्रशासनिक ढांचा, सैन्य समन्वय और सरकारी नीतियां बिना बाधा जारी रहें। कुल मिलाकर, यह घटनाक्रम वेनेजुएला के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट का यह कदम फिलहाल स्थिरता बनाए रखने की कोशिश माना जा रहा है।

### अमेरिकी सेना का ऑपरेशन और मादुरो की गिरफ्तारी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर शनिवार तड़के अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास पर जोरदार हवाई हमले किए। इस दौरान 'डेल्टा फोर्स' ने एक गुप्त ऑपरेशन चलाकर निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को उनके बेडरूम से हिरासत में ले लिया। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें हथकड़ी लगाकर न्यूयॉर्क ले जाया गया है, जहां उन पर 'नार्को-टेररिज्म' और ड्रग तस्करी के पुराने आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। इस घटना ने पूरे लातिन अमेरिका में सनसनी फैला दी है। अमेरिकी वायुसेना के 150 से अधिक लड़ाकू विमानों ने रात के 2 बजे काराकास के आसमान को धमाकों से दहला दिया। इस हमले का मुख्य उद्देश्य वेनेजुएला के एयर डिफेंस सिस्टम और सैन्य संचार को पूरी तरह पंगु बनाना था। 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिज़ॉल्व' के तहत ला कार्लोटा एयरबेस और फोर्ट ट्यूना सैन्य प्रतिष्ठान पर सटीक निशाना लगाया गया। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है और पूरा शहर घंटों तक अंधेरे में डूबा रहा। वेनेजुएला के रक्षा मंत्रालय ने इसे एक 'कायराना हमला' बताते हुए देश में आपातकाल की घोषणा कर दी, लेकिन अमेरिकी तकनीकी श्रेष्ठता के सामने वेनेजुएला की सैन्य शक्ति ताश के पत्तों की तरह ढह गई।

## इनकम टैक्स को लेकर बड़ा संकेत

# मीडिल क्लास पर ये बड़ा दांव खेल सकती है मोदी सरकार...

नई दिल्ली/ एजेंसी



केंद्रीय बजट 2026 की तैयारियों के बीच अब यह साफ होता जा रहा है कि सरकार पर्सनल इनकम टैक्स सिस्टम को किस दिशा में ले जाना चाहती है। बजट 2025 में किए गए बड़े बदलाव, खासकर न्यू टैक्स रिजीम में बेसिक एग्जेम्पशन लिमिट बढ़ाने के फैसले ने इस दिशा को और मजबूत कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में न्यू टैक्स रिजीम के तहत टैक्स छूट की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दी थी। इसके साथ स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ने से सैलरी पाने वाले कर्मचारियों के लिए 12.75 लाख रुपये तक की आय पूरी तरह टैक्स फ्री हो गई। अब जब बजट 2026 नजदीक है, तो बड़ी संख्या में टैक्सपेयर्स यह सोच रहे हैं कि उन्हें ओल्ड टैक्स रिजीम में बने रहना चाहिए या न्यू टैक्स रिजीम में शिफ्ट हो जाना चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि न्यू टैक्स रिजीम की तरफ झुकाव तेजी से बढ़ रहा है। असेसमेंट ईयर 2024-25 में दाखिल किए गए 7.28 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न में से करीब 72% यानी 5.27 करोड़ रिटर्न न्यू टैक्स रिजीम के तहत फाइल किए गए। ओल्ड टैक्स रिजीम चुनने वालों की संख्या सिर्फ 2.01 करोड़ रही। यही ट्रेंड बजट 2026 में सरकार के फैसलों को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है। न्यू टैक्स रिजीम में अब सैलरीड कर्मचारियों और पेंशनर्स दोनों को 75,000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलता है। इसके अलावा 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स न लगने की वजह से सैलरीड लोगों के लिए टैक्स फ्री इनकम की सीमा 12.75 लाख रुपये हो गई है।

## चुनाव आयोग पर भड़की ममता

# एसआईआर की इन खामियों को तुरंत ठीक करें-बनर्जी

कोलकाता/ एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है। सीएम ममता ने अपने पत्र में बंगाल में एसआईआर के दौरान कथित अनियमितताओं, प्रक्रियात्मक उल्लंघनों और प्रशासनिक खामियों पर चिंता जताई। सीईसी को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया से समझौता हुआ है, यह हमारे लोकतंत्र के मूल ढांचे और संविधान की भावना पर हमला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर कहा, 'पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान देखी जा रही गंभीर अनियमितताओं, प्रक्रियात्मक उल्लंघनों और प्रशासनिक खामियों के संबंध में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए मैं एक बार फिर आपको पत्र लिखने के लिए विवश हूं।' अपने पत्र में ममता बनर्जी ने मांग करते हुए कहा कि मैं आपसे आग्रह करती हूं कि एसआईआर की इन खामियों को तुरंत ठीक करें या इस 'मनमानी, अनियोजित' प्रक्रिया को रोकें। अगर इसे अपने वर्तमान स्वरूप में जारी रहने दिया गया, तो एसआईआर से बहुत ज्यादा नुकसान होगा, और बड़ी संख्या में मतदाताओं के वोट देने का अधिकार छिन जाएगा।

### चुनाव आयोग पर लगाया ममता बनर्जी ने आरोप

पिछले साल नवंबर से पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर को 'अनियोजित, अराजक और खतरनाक' बताते हुए ममता बनर्जी ने कहा था कि जलपाईगुड़ी में एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित कई बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौत के बाद स्थिति 'खतरनाक स्तर' पर पहुंच गई है। ज्ञानेश कुमार को संबोधित एक पत्र में बनर्जी ने कहा कि उन्होंने 'बार-बार अपनी गंभीर चिंताओं को उठाया था' लेकिन अब स्थिति में तेजी से गिरावट आने के कारण उन्हें 'पत्र लिखने के लिए मजबूर होना पड़ा'।

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण में सुधार के बाद ग्रेप-3 की पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में आए सुधार को देखते हुए केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर क्षेत्र से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज-की पाबंदियों को हटाने का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि, प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए स्टेज-ढ्ढ और स्टेज-के नियम पहले की तरह लागू रहेंगे। आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली की हवा में पिछले 24 घंटों में काफी सुधार दर्ज किया गया है। कल जहां दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स380 के गंभीर स्तर पर था।



पहाड़ों से मैदान तक ठंड का कहर, कश्मीर-हिमाचल में पारा माइनस; उत्तर भारत घने कोहरे में लिपटा

## सेंट्रल जेल से रिहा हुए चैतन्य बघेल

# चैतन्य बघेल बोले-कोर्ट का आभारी हूं कि मुझे न्याय मिला, मामले में कुछ कहना सही नहीं........

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। वे आज तीन जनवरी शनिवार को छह महीने बाद यानी 180 दिन बाद रायपुर सेंट्रल जेल से रिहा हुए। इस दौरान चर्चा में कहा कि मैं कोर्ट का बहुत आभारी हूं कि मुझे न्याय मिला। वहीं इस केस के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि फिलहाल, मामला कोर्ट में है इसलिए मेरे लिए कुछ भी कहना सही नहीं है। इस दौरान जेल के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही। सभी चैतन्य बघेल का स्वागत करते ने लिये आतुर दिखे। कांग्रेसियों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। दूसरी ओर कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं। आज शनिवार को चैतन्य रिहा हुआ। सब बहुत खुश हैं... उसे उसके जन्मदिन पर गिरफ्तार किया गया था और आज



वह मेरे पोते के जन्मदिन पर रिहा हुआ है। अदालत पर निशाना साधते हुए कहा कि कोर्ट को अपने फैसले का अध्ययन करना चाहिए। इसने दिखाया कि ईडी पीएमएलए एक्ट का कैसे दुरुपयोग कर रही है। बेटे के घर आने पर उनके पिता भूपेश बघेल ने कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया। वहीं चैतन्य की गिरफ्तारी को षड्यंत्र करार भी दिया। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ईडी जैसी एजेंसियों के ज़रिए गिरफ्तारियों की बाढ़ आ गई है, जो अव्यावहारिक, गलत और गैर-कानूनी है। ऐसे कदम कई लोगों के खिलाफ उठाए गए हैं।

## राम रहीम सजा काट रहा या मौज?

# फिर 40 दिन की पैरोल पर आएगा बाहर-हाईकोर्ट......

**नई दिल्ली।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की 40 दिन की पैरोल को मंजूरी मिल गई है। जेल से बाहर आना उनके लिए नई बात नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी अगस्त 2022 में उन्हें रक्षाबंधन के मौके पर 40 दिन की पैरोल दी गई थी। राम रहीम को डेरा सच्चा सौदा की दो साध्वियों के यौन शोषण के मामले में 2017 में दोषी ठहराया गया था। पंचकूला की सीबीआई कोर्ट ने उन्हें अगस्त 2017 में 10-10 साल की सजा सुनाई थी और साथ ही 30 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इस मामले में सीबीआई ने 6 साल बाद पीड़िताओं के बयान दर्ज किए थे। सीबीआई का कहना था कि यह यौन शोषण वर्ष 1999 में हुआ था, लेकिन पीड़िताओं के बयान 2005 में दर्ज किए गए थे, जिनके आधार पर कोर्ट ने राम रहीम को दोषी करार दिया। दोषी पाए जाने के बाद से राम रहीम कुल 366 दिन जेल से बाहर रह चुका है।

## पीएम मोदी ने 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

# बनारस ने कई खेलों के नेशनल खिलाड़ी भी दिए हैं-पीएम मोदी

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में 4 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअली उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने चैंपियनशिप में हिस्सा लेने आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और स्थानीय सांसद होने के नाते उनका स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वाराणसी को जानने के लिए यहां आना पड़ता है। आप सभी यहां आ गए हैं। आप वाराणसी को समझिए, जानिए। आपको यहां खेल का अच्छा माहौल मिलेगा और दर्शक भी अच्छे मिलेंगे। देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं, यानी आप सब एक भारत और श्रेष्ठ भारत की सुंदर तस्वीर भी प्रस्तुत कर रहे हैं। आपने जो मेहनत की है, आने वाले दिनों में काशी के मैदान पर उसकी परीक्षा होगी। पीएम मोदी ने कहा, वॉलीबॉल सिर्फ एक आम खेल नहीं है। यह बैलेंस और सहयोग का खेल है, जहां पक्का इरादा और दृढ़ इच्छाशक्ति दिखती है। यह हमें सिखाती है कि बॉल को किसी भी कीमत पर हवा में रखना चाहिए। वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ता है। हर कोई अपने लिए नहीं, बल्कि अपनी टीम के लिए खेलता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक



दशक में, खेल को लेकर सरकार और समाज दोनों की सोच में साफ बदलाव आया है। सरकार ने खेल बजट में काफी बढ़ोतरी की है। आज, भारत का खेल मॉडल एथलीट-केंद्रीत हो गया है। टैलेंट की पहचान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण से लेकर प्रतिभा के मुताबिक चयन के आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, बनारस ने कई खेलों के नेशनल खिलाड़ी भी दिए हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, यूपी कॉलेज, काशी विद्यापीठ जैसे शिक्षा संस्थानों के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छाए रहे हैं। काशी तो हजारों वर्षों से उन सबका सत्कार करती आई है, जो ज्ञान और साधना के लिए यहां जाते हैं। इसलिए मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के दौरान बनारस का जोश हाई रहेगा। जब देश विकास करता है, तो यह प्रगति सिर्फ आर्थिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहती, यह आत्मविश्वास खेल के मैदान पर भी दिखता है। यही हम बीते कुछ वर्षों में हर खेल में देख रहे हैं। पीएम ने कहा, 2014 के बाद से अलग-अलग खेलों में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्ह्क्र के संबंध मेआवश्यक बैठक विधायक निवास में संपन्न हुआ



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विधायक निवास में विधायक डॉ संपत अग्रवाल की उपस्थिति में आज भाजपा मंडल बसना के पदाधिकारी के साथ स्ह्क्र की आवश्यक बैठक रखी गई । जिसमें 1 जनवरी 2026 को नए मतदाता के 18 वर्ष होने पश्चात फॉर्म भरवा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सभी ब्लह-2 एवं कार्यकर्ताओं को नए मतदाताओं पर ध्यान देकर उनका मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु निर्देश दिए। उक्त बैठक में बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल,भाजपा वरिष्ठ नेता रमेश अग्रवाल,बसना भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद यादव,महामंत्री दीपक शर्मा,अमृत चौधरी,मोहित पटेल,कामेश बंजारा,निर्मल दास, महेंद्र सिंह अरोरा,आशीष साहू राकेश डडसेना,विकाश वाधवा,संगीता नायक,अमित साहू, नरेन्द्र राज आदि उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर 11 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 11 जनवरी दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कैसियो ने छत्तीसगढ़ में अपनी मौजूदगी का विस्तार करते हुए रायपुर में पहला एक्सक्लूसिव स्टोर किया शुरू

**रायपुर।** जापान स्थित कैसियो कंप्यूटर कॉरपोरेट लिमिटेड जो कि कैसियो इंडिया की मूल कंपनी है, ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपना नया एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ में पहला स्टोर खुलने से पूर्वी क्षेत्र में कैसियो की उपस्थिति मजबूत हुई है, जहां अब कुल छह स्टोर हो गए हैं, जबकि पूरे भारत में एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स (ईबीओ) की संख्या 73 तक पहुंच गई है। यह कंपनी की क्षेत्रीय विस्तार रणनीति की महत्वपूर्ण कड़ी है। ज़ोरा मॉल में रणनीतिक रूप से स्थित यह नया कैसियो एक्सक्लूसिव स्टोर 568 वर्ग फुट में फैला है, जिसमें 340 वर्ग फुट का कार्पेट एरिया शामिल है। व्यस्त वाणिज्यिक और आवासीय केंद्र होने से यह जेन-ज़ी एवं मिलेनियल खरीदारों के लिए प्रमुख आकर्षण बनेगा। स्टोर में जी-शॉक की 5000, 5600, 6900, 110 और 2100 सीरीज़ के लिमिटेड-एडिशन मॉडल सहित घड़ियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। साथ ही नवीनतम जी-स्टील की जीबीएम-2100 सीरीज़ के आकर्षक कलर वैरिएंट भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, ख़रीदार एडिफ़िस रेंज के स्लीक और रिफ़ाइंड क्रोनोग्राफ़्स, कैसियो विंटेज रेंज की नियो-रेट्रो स्टाइल्स, और कैसियो घड़ियों की टाइमलेस एलीगेंस का भी अनुभव कर सकेंगे। यह स्टोर उच्च गुणवत्ता, विश्वसनीयता, नवीनता और स्टाइल की तलाश करने वालों के लिए आदर्श गंतव्य साबित होगा। लॉन्च अवसर पर कैसियो इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ताकुतो किमुरा ने कहा,रायपुर में हमारा पहला एक्सक्लूसिव कैसियो स्टोर खुलना भारत के उभरते शहरों में विस्तार के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रायपुर का तेजी से बदलता उपभोक्ता परिदृश्य और प्रीमियम ब्रांडेड उत्पादों की बढ़ती मांग इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार बनाती है। इस स्टोर से हम ग्राहकों को इमर्सिव रिटेल एक्सपीरियंस देंगे तथा कैसियो की इनोवेशन, ड्यूरेबिलिटी और जापानी क्राफ्ट्समैनशिप की विरासत को प्रदर्शित करेंगे। ब्रांड का यह स्टोर यूनिट नंबर एफ-9, फर्स्ट फ्लोर, ज़ोरा मॉल, कृषि कॉलेज के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492012 पर स्थित है जँहा सभी विज़िटर्स का स्वागत है। नवीनतम क्यूरेटेड स्पेस को एक्सप्लोर करें, जिसका हर कोना इनोवेशन और क्रिएटिविटी को दर्शाता है। स्टोर सप्ताह के सभी दिन सुबह 10:30 बजे से रात 11:00 बजे तक खुला रहेगा।

# पिथौरा बैठक में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के कड़े निर्देश,बोले-जन-जन तक पहुंचे सरकारी योजनाएं

**संगठनात्मक मजबूती पर जोरः बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पिथौरा में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र**

**विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की मैराथन बैठक, संगठन विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा**



**बसना( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल अपने अल्प प्रवास पर पिथौरा पहुंचे, जहाँ कार्यकर्ताओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस प्रवास के दौरान विधायक ने एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक ली, जिसमें आगामी कार्ययोजनाओं और क्षेत्र के विकास कार्यों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति हैं। उन्होंने आगामी समय के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सक्रिय सदस्यता अभियान को गति देने के निर्देश दिए। विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि हमें केवल राजनीति नहीं करनी है, बल्कि सेवा के माध्यम से लोगों का दिल जीतना है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि केंद्र और राज्य सरकार की हर योजना, चाहे वह महतारी वंदन योजना हो या किसान उन्नति योजना, समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सुगमता से पहुंचे। कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

प्रदेश की वर्तमान सरकार की सराहना करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि साय सरकार ने अल्प समय में ही विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भ्रष्टाचार पर लगाम और विकास कार्यों में पारदर्शिता हमारी सरकार की पहचान बन चुकी है।

बैठक के समापन पर विधायक ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित करें ताकि उन्हें विधानसभा पटल पर रखकर हल किया जा सके।

इस अवसर पर पिथौरा मंडल सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पदुमतरा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन : श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, भक्ति का अद्भुत संगम




**राजनांदगांव।** पदुमतरा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह के दूसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कथा स्थल पर न केवल स्थानीय ग्रामीणों, बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही कथा पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, और पूरे पंडाल में हरि नाम के संकीर्तन व भक्ति भाव से वातावरण पूरी तरह से सराबोर हो गया। महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और युवाओं की समान उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

**पंडित श्री युवराज पांडे जी का दिव्य प्रवचन-** कथा के दूसरे दिन प्रसिद्ध राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ के कथा वाचक पंडित श्री युवराज पांडे जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भागवत को केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला बताया, जो मनुष्य को धर्म, भक्ति और ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

कथा के दौरान पं. युवराज पांडे जी ने सृष्टि की रचना का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान विष्णु की इच्छा से पंचमहाभूतों की उत्पत्ति हुई और इस प्रकार ब्रह्मांड का निर्माण हुआ। उन्होंने भगवान विष्णु के 24 अवतारों का वर्णन करते हुए प्रत्येक अवतार के उद्देश्य और संदेश को सरल शब्दों में समझाया।

विशेष रूप से वराह अवतार की कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पं. पांडे जी ने बताया कि किस प्रकार दैत्य हिरण्याक्ष ने पृथ्वी को रसातल में छिपा दिया था और भगवान विष्णु ने वराह अवतार धारण कर पृथ्वी को अपने दांतों पर उठाकर पुनः उसके स्थान पर स्थापित किया। यह कथा यह संदेश देती है कि जब भी अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं।

**श्रद्धालुओं की भक्ति में डूबे पल-** कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु पूरी तरह से भक्ति रस में डूबे नजर आए। कई बार जय श्रीहरि और हरि बोल के जयघोषों से पूरा वातावरण गूंज उठा। आयोजन समिति ने कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्था की थी, जिससे कोई असुविधा नहीं हुई। कथा के सफल आयोजन से ग्राम पदुमतरा और आसपास के क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु आगामी दिनों की कथा सुनने के लिए भी उतने ही उत्साहित हैं।

**जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति-** कथा में जनप्रतिनिधियों और समाजिक नेताओं की भी प्रमुख उपस्थिति रही। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री थानेश्वर पटिला, जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सभापति शीला सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष चंदशेखर साहू, जनपद सदस्य मंजू वर्मा, जनपद सदस्य ललिता साहू, पदुमतरा सरपंच हिना साहू, महेश साहू, रतन यादव, शरद खंडेलवाल, चंदशेखर यदु, यशवंत वर्मा सहित अन्य कई जनप्रतिनिधियों ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया।

इसके अलावाए छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य रामानुज युवराज पांडे जी के प्रवचन को सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। आयोजन समिति द्वारा श्रोताओं के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि वह भी कम पड़ गई। श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने के लिए लोग दूर-दूर से आए, और यह आयोजन धार्मिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण साबित हुआ।

**आध्यात्मिक उल्लास-** दूसरे दिन की कथा के सफल आयोजन से पदुमतरा और आसपास के क्षेत्रों में एक आध्यात्मिक उल्लास का माहौल बना हुआ है, और श्रद्धालु आगामी दिनों में होने वाली कथा में और अधिक उत्साह के साथ भाग लेने के लिए तैयार हैं।

## चीजगांव में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ स्कूल चौक ग्राम चीजगांव में 26 दिसंबर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी चीजगांव के सहयोग से आयोजित की गई। श्री राम कथा में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आनंद से सराबोर हुआ। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन में दनिया कुम्हार बिरनपुर के कथावाचक पंडित एकांत पांडेय, परायण कर्ता दुर्गेश शास्त्री व ग्राम पुरोहित महाराज चेतन शर्मा रहे। कथावाचक पंडित एकांत पाण्डेय अपनी भावपूर्ण वाणी से राम कथा का सुमधुर वाचन किया। महाराज ने कहा कि राम कथा मनुष्य को प्रभु के चरणों में शरण लेने की प्रेरणा देती है और कथा श्रवण से भक्ति दृढ़ होती है। मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शरीर केवल सुख भोग के लिए नहीं मिला है, बल्कि साधना, सेवा, सत्कर्म के लिए प्रदान किया गया है। पशु-पक्षियों को भी शरीर मिला है परंतु मानव शरीर, विशिष्ट कार्यों के लिए मिला है। समापन दिवस के दिन गीता बतलायी गई।

**भव्य प्रसादी भंडारा का हुआ आयोजनः** समापन दिवस पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी भंडारा, आयोजक समितियों के द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं ने कथास्थल पर पहुंचकर प्रसाद प्राप्त किया। आयोजन को संपन्न कराने में ग्रामीणजन समेत क्षेत्रवासियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ।



चौक चौराहों एवं द्वार-आंगन पर भव्य स्वागतः कथा वाचक पंडित एकांत पाण्डेय जी का श्रद्धालुओं ने जमकर स्वागत किया। महाराज जी ग्राम के सभी घरों के आंगन द्वार पर डीजे धुन के साथ पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर, आरती उतारकर एवं गुलाल लगाकर चरण वंदन कर आशीर्वाद मांगा।

ग्राम के बालिकाओं ने महाराज जी को उनकी छायाचित्र प्रदान कर उनका स्वागत किया और श्रद्धालुओं के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थनाएं की।

### घर में घूसकर चाकू दिखाकर धमकाया,दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** जिले की लालबाग थाना पुलिस ने ग्राम पेण्ड्री निवासी प्रार्थी टुकेश के घर अंदर घुसकर गाली गालौज कर डण्डा से मारपीट कर धारदार चाकूनुमा कटारी दिखाकर धमकी देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से एक धारदार चाकूनुमा कटारी एवं बांस का डण्डा जप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पेण्ड्री के प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के मंगेतर को आरोपी देवीलाल साहू द्वारा उनके जन्मदिन पर बधाई दिया था जिस पर आपस में विवाद होकर आपसी समझौता हो गया था। कि दिनांक 01/01/2026 को शाम 7 बजे प्रार्थी घर के बाहर आग ताप रहा था उसी समय आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू, देवी, कमरान व बबलू प्रार्थी के घर आकर पुरानी बातों को लेकर प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के साथ गाली गलौज कर घर में घुसकर डण्डा से मारपीट कर तथा धारदार चाकूनुमा कटारी दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 296,115(2),351(2),3(5),333 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। तथा टीम गठित कर आरोपीगण की पता साजी कर आरोपीगण सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू एवं देवीलाल साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकूनुमा कटारी व बांस का डण्डा को जप्त कर मामले में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोडी गयी।

# साहू समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, एकजुटता और सामाजिक विकास पर दिया जोर

**पिथौरा में साहू समाज का भव्य शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल**

**विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने साहू समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई शपथ; बोले संगठित समाज ही प्रगति का आधार**






**पिथौरा( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा क्षेत्र के पिथौरा साहू समाज कौड़ियां परिक्षेत्र क्रमांक 1 द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए एक भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं जनप्रिय नेता डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का आगाज़ मुख्य अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा माता कर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और पुष्पगुच्छ भेंट कर विधायक का आत्मीय स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके नए दायित्वों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति उसके संगठन और एकजुटता पर टिकी होती है। राजनीति से ऊपर उठकर समाज सेवा का जज्बा ही वास्तविक परिवर्तन लाता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह नई टीम साहू समाज के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

विधायक ने कौड़ियां परिक्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की सराहना करते हुए इसे शिक्षा और संस्कारों की मिसाल बताया। उन्होंने समाज को आश्वस्त किया कि सामुदायिक भवनों के निर्माण और अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए शासन स्तर पर हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। साथ ही, उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति और शिक्षा की दिशा में सक्रिय होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. अग्रवाल ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और प्रतिभावान युवाओं की उपलब्धियों को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया। इसके पश्चात, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा के साथ समाज के उत्थान और जनहित में कार्य करने की विधिवत शपथ ली। इस अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष श्याम कुमार साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष राजिम नोहर दास साहू ,संरक्षक, कौड़िया परिक्षेत्र गंगा प्रसाद साहू , अध्यक्ष, तहसील साहू संघ, पिथौरा मनोहर साहू, अध्यक्ष, कौड़िया परिक्षेत्र 02 रमेश कुमार साहू,अध्यक्ष, कौड़िया परिक्षेत्र 03 बसंत साहू , अध्यक्ष, भुरकोनी परिक्षेत्र श्रीराम साहू, अध्यक्ष, झलप परिक्षेत्र तुकाराम साहू ,समाज रत्न, रायपुर संभाग मंगतु राम साह, संरक्षक, कौड़िया 01 विनोद शंकर साहू, संरक्षक, कौड़िया 01डिगम लाल साहू , उपाध्यक्ष प्रीतम साहू,उपाध्यक्ष सरला साहू, संगठन सचिव विजय शंकर साहू , संगठन सचिव गायत्री साहू, कोषाध्यक्ष रेखराज साह ,सचिव मूलचंद साहू,पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि मुन्नु पाण्डे , विधायक प्रतिनिधि रविन्दर आजमानी, भाजपा नेता दुलीकेशन साहू , पवन अग्रवाल , वरिष्ठ पत्रकार संतोष गुप्ता , कार्यालय प्रभारी - पिथौरा सतीश ध्रुव, तहसील संगठन सचिव, पिथौरा कामता साहू, तहसील सचिव, पिथौरा चंद्र शेखर साहू सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने 18 करोड़ रूपए की लागत से दो प्रमुख सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

# मजबूत सड़क नेटवर्क से अंतिम छोर के गांव तक पहुंचेगी विकास की रौशनी - उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने आज क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 18 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की बुनियाद होता है। विष्णुदेव साय सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर बसे गांव तक भी मजबूत और सुरक्षित सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से प्राप्त हो सकें। भूमिपूजन किए गए सड़क निर्माण कार्यों में मेन रोड से लासाटोला तक 9.89 करोड़ रूपए की लागत की 15.20 किलोमीटर लंबी सड़क



एवं एन.एच.-12ए से भेदली तक 8.13 करोड़ रूपए लागत की 12.91 किमी लंबी सड़क का निर्माण शामिल है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लासाटोला, बदराडीह, बम्हनी, महारटोला, नवागांव, नेवासपुर सहित आसपास के अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही मेन रोड से भेदली जुड़ जाने से भीमपुरी, झिरोनी, जिंदा, खैरझीटी खुर्द, कुटकी पारा, सोनपुरी एवं थूहा डीह के ग्रामीणों को भी बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट और दृढ़ लक्ष्य है कि विकास की रोशनी अंतिम छोर पर बसे गांव तक पहुंचे। इसके लिए मजबूत, सुरक्षित और सर्वमौसम सड़क संपर्क को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा व्यापार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुगमता मिलेगी और गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, पुल, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का संकल्प है कि हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शासन के प्रति आभार जताया।

# माता शाकम्बरी की कृपा से समाज समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो रहा- उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा



**रायपुर।** माता शाकम्बरी जयंती के पावन एवं पुण्य अवसर पर शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द ग्रामों में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सोहागपुर ग्राम में किचन शेड का विधिवत लोकार्पण भी किया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए माता शाकम्बरी के आदर्शों, सामाजिक समरसता, परिश्रम और सहकारिता की भावना पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज सदैव से परिश्रमी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज रहा है। माता शाकम्बरी की कृपा से यह समाज धन-धान्य से सम्पन्न रहा है और उसने हमेशा मिल-जुलकर कार्य करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। मरार-पटेल समाज के भाव में सहकारिता निहित है, जिसके बल पर समाज और सरकार मिलकर विकास के अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल समाज अपने उद्यम, श्रम और पुरुषार्थ से न केवल स्वयं आगे बढ़ा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के पोषण और सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आज आवश्यकता है कि अन्य समाज भी पटेल समाज के परिश्रम, अनुशासन और सामूहिकता से सीख लें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि माता की कृपा से सभी के घरों में धन-धान्य की वर्षा हो, खेत-खलिहान लहलहाते रहें, सभी नागरिक स्वस्थ और सुखी रहें तथा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर गांव, गरीब, किसान और श्रमिक के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विभिन्न ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# किसान धन्नू सिंह ने ऑफलाइन टोकन से बेचा 54.80 क्विंटल धान

**रायपुर।** खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ सरकार की पारदर्शी और किसान-हितैषी धान खरीदी व्यवस्था किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। सरकार की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से किसानों को न केवल उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है, बल्कि समय पर भुगतान और सम्मानजनक प्रक्रिया का अनुभव भी हो रहा है। ग्राम पेनारी निवासी किसान धन्नू सिंह की कहानी इसी व्यवस्था की एक प्रेरक उपलब्धि है। धन्नू सिंह एक साधारण कृषक हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। इस वर्ष उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत ऑफलाइन टोकन के माध्यम से कोड़ा उपार्जन केंद्र में 54.80 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। उपार्जन केंद्र पर सुव्यवस्थित व्यवस्था, डिजिटल तौल कांटा, पारदर्शी सत्यापन प्रक्रिया और सहयोगात्मक स्टाफ ने धान खरीदी को सरल एवं सुगम बनाया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21



क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की व्यवस्था ने किसान को उसकी मेहनत का पूरा मूल्य सुनिश्चित किया। धन्नू सिंह को धान विक्रय की राशि सीधे उनके बैंक खाते में समय पर प्राप्त हुई, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा और भविष्य की योजनाओं को लेकर आत्मविश्वास मिला। धन्नू सिंह बताते हैं कि पूर्व में धान विक्रय के दौरान तौल और भुगतान को लेकर अनिश्चितता रहती थी, लेकिन वर्तमान व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी, भरोसेमंद और किसान-अनुकूल है। समय पर भुगतान से अब अपने बच्चों की शिक्षा, घरेलू आवश्यकताओं और रबी फसल की तैयारी बिना किसी चिंता के कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लागू की गई इस धान खरीदी व्यवस्था से किसानों का विश्वास सरकार के प्रति और मजबूत हुआ है। धन्नू सिंह की यह कहानी केवल एक किसान की सफलता नहीं, बल्कि प्रदेश के हजारों किसानों के सशक्तिकरण की प्रतीक है, जो सरकार की पारदर्शी नीतियों से लाभान्वित होकर सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

# मंत्री श्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सूरजपुर जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी, ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है। छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और



व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है। इस अवसर पर पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री भीमसेन अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवीजन सर्वश्री मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल, देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थित रही। शैक्षणिक विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक श्री मनोज कुमार साहू, एपीसी श्री शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक श्री टंडन, श्री विनोद यादव, श्री हर्ष नारायण शर्मा, श्री गौतम शर्मा, श्री अजीत कुमार गुप्ता, श्री अजय उपाध्याय, श्री श्रीकांत पाण्डेय, श्री लौकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित थी।

### खेती से अटूट रिश्ता और भरोसे की नई शुरुआत

# समय पर भुगतान, मजबूत भविष्य: किसान दुर्गाप्रसाद के चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष की मुस्कान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 किसानों के लिए केवल धान विक्रय का दौर नहीं रहा, बल्कि यह भरोसे, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव बनकर सामने आया है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई पारदर्शी, तकनीक-संपन्न और किसान-केंद्रित धान खरीदी व्यवस्था ने वर्षों से किसानों के मन में जमी अनिश्चितता को दूर कर दिया है। अब किसान पूरे विश्वास के साथ अपनी फसल उपार्जन केंद्र तक लाता है, क्योंकि उसे यह भरोसा है कि उसकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर सीधे उसके बैंक खाते में पहुँचेगा। इसी बदले हुए विश्वास की सजीव मिसाल हैं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम बरमपुर निवासी किसान दुर्गाप्रसाद पिता कंचनराम। वर्षों से खेती से जुड़े दुर्गाप्रसाद ने मौसम की मार, बढ़ती लागत और बाजार की अनिश्चितताओं के बीच भी खेती से अपना नाता कभी कमजोर नहीं होने दिया। इस वर्ष प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान



खरीदी की नीति और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ने उनके मन में स्थिरता और सुरक्षा का नया संबल भर दिया। यह केवल आर्थिक लाभ नहीं था, बल्कि उस भरोसे का प्रतीक था, जिसमें किसान ने यह महसूस किया कि सरकार उसकी मेहनत को समझती है और उसके साथ मजबूती से खड़ी है। खड़गवां उपार्जन केंद्र पर बदली व्यवस्था की झलक तुंहर टोकन 24म7 व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित तिथि पर टोकन प्राप्त कर जब दुर्गाप्रसाद खड़गवां उपार्जन केंद्र पहुँचे, तो उन्हें धान खरीदी की पूरी तरह बदली हुई तस्वीर देखने को मिली। सुव्यवस्थित परिसर, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और कर्मचारियों का सहयोगी व्यवहार यह दर्शाता है कि अब धान खरीदी प्रक्रिया में किसान की सुविधा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। न भीड़, न अफरा-तफरी और न ही अनावश्यक प्रतीक्षा, जिससे पूरी प्रक्रिया सहज, सुचारु और संतोषजनक रही। धान खरीदी के दौरान डिजिटल तौल कांटे, फोटो आधारित सत्यापन और रियल टाइम डेटा एंट्री जैसी आधुनिक तकनीकों ने पूरी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व भरोसेमंद बना दिया। प्रत्येक चरण किसान की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिससे किसी भी प्रकार की शंका या भ्रम की कोई गुंजाइश नहीं रही। तकनीक के प्रभावी उपयोग से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि किसानों का व्यवस्था के प्रति विश्वास और भी गहरा हुआ।

**समय पर भुगतान से आत्मविश्वास की नई उड़ान**- खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसान दुर्गाप्रसाद ने कुल 20.80 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। पूरी खरीदी प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित रही। जब उनकी मेहनत की फसल सम्मानजनक और पारदर्शी तरीके से बिकी और भुगतान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में समय पर जमा हुई, तो उनके चेहरे पर संतोष और गर्व साफ झलक उठा। समय पर भुगतान मिलने से अब वे बच्चों की शिक्षा, पारिवारिक आवश्यकताओं और आगामी कृषि सत्र की तैयारी को लेकर पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे की योजना बना पा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लागू की गई किसान हितैषी नीतियों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए दुर्गाप्रसाद कहते हैं कि बदली हुई धान खरीदी व्यवस्था ने किसानों के मनोबल को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। अब खेती केवल संघर्ष का प्रतीक नहीं रही, बल्कि यह एक सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आजीविका का भरोसेमंद माध्यम बनती जा रही है। किसान दुर्गाप्रसाद की यह सफलता की कहानी छत्तीसगढ़ के उन हजारों किसानों की भावना को प्रतिबिंबित करती है, जो नई धान खरीदी व्यवस्था से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की ओर आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांगेर घाटी में मिली अनोखी 'ग्रीन गुफा'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध जैव विविधता और विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के लिए देश-विदेश में विख्यात है। इसी कड़ी में अब कांगेर घाटी में एक और अनोखी प्राकृतिक स्थलाकृति सामने आई है, जिसे ÷ग्रीन केव÷ (ग्रीन गुफा) नाम दिया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा पर्यटन और वन्य धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। वन मंत्री श्री कश्यप ने स्पष्ट किया है कि ग्रीन गुफा के पर्यटन मानचित्र में शामिल होने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय विकास को गति प्राप्त होगी और शीघ्र ही पर्यटक इस अद्भुत गुफा की प्राकृतिक खूबसूरती का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। वन विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण किए जाने के बाद शीघ्र ही इस गुफा को पर्यटकों के लिए खोले जाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि यह ग्रीन गुफा कोटुमसर परिसर के कंपार्टमेंट क्रमांक 85 में स्थित है। गुफा की दीवारों और छत से लटकती चूने की आकृतियों (स्टैलेक्टाइट्स) पर हरे रंग की सूक्ष्मजीवी परतें पाई जाती हैं, जिसके कारण इसे ÷ग्रीन केव÷ नाम दिया गया है। चूना पत्थर और शैल से निर्मित यह गुफा कांगेर घाटी की दुर्लभ और विशिष्ट गुफाओं में से एक मानी जा रही है। ग्रीन गुफा तक पहुंचने का मार्ग बड़े-बड़े पत्थरों से होकर गुजरता है। गुफा में प्रवेश करते ही सूक्ष्मजीवी जमाव से ढकी हरी दीवारें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। आगे बढ़ने पर एक विशाल कक्ष दिखाई देता है, जहां से भीतर की ओर चमकदार और विशाल स्टैलेक्टाइट्स तथा फ्लो-स्टोन (बहते पानी से बनी पत्थर की परतें) देखने को मिलती हैं, जो गुफा की प्राकृतिक भव्यता को और भी बढ़ा देती हैं। घने जंगलों के मध्य स्थित यह गुफा अपनी अनोखी संरचना और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण केंद्र बनने जा रही है। वन विभाग द्वारा गुफा की सुरक्षा एवं नियमित निगरानी की जा रही है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहुंच मार्ग, पैदल पथ तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास कार्य प्रगति पर है। वन विभाग द्वारा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के पर्यटन विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवासन तथा प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) श्री अरुण पांडे का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ की बड़ी उपलब्धि: पालक सहभागिता में देश में प्रथम



**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा को तनावमुक्त उत्सव के रूप में मनाने की पहल ÷परीक्षा पे चर्चा 2026÷ में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने पालकों की भागीदारी में प्रथम स्थान हासिल कर पूरे देश में उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब तक छत्तीसगढ़ से 25.16 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन किया है, जिनमें 22.75 लाख विद्यार्थी, 1.55 लाख शिक्षक और 81,533 पालक शामिल हैं। यह उपलब्धि राज्य में परीक्षा प्रबंधन, समय प्रबंधन, पालकों को अपने बच्चों को परीक्षा में अधिक अंक लाने हेतु अनावश्यक दबाव देने से बचने तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सुनियोजित प्रयासों को दर्शाती है। 'परीक्षा पे चर्चा' में पालकों की भागीदारी के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कुल पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है। बलोदाबाजार जिले में 14,658 तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 9,952 पालकों द्वारा पंजीयन किया गया है, जो इस अभियान के प्रति अभिभावकों की बढ़ती जागरूकता, सहभागिता और विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। यह उपलब्धि केवल संख्यात्मक सफलता नहीं है, बल्कि यह परीक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव का भी संकेत देती है। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे राज्य में अपनाई गई नवाचारपूर्ण रणनीतियाँ महत्वपूर्ण रही हैं। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की गई, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों पर ऑन-साइट पंजीयन की व्यवस्था की गई तथा युवा क्लब और ÷अंगना म शिक्षा कार्यक्रम÷ के माध्यम से समुदाय को बड़े पैमाने पर जोड़ा गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में आयोजित ÷परीक्षा पे चर्चा मेला÷ से एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन दर्ज हुए, जबकि इससे पहले प्रतिदिन औसत पंजीयन लगभग 1500 के आसपास था। पिछले प्रयासों के रूप में आयोजित शिक्षक-पालक सम्मेलन और मेगा पीटीएम ने भी अभिभावकों की सजगता और सहभागिता को नई दिशा दी है। परीक्षा पे चर्चा से जुड़े प्रेरक अनुभव भी लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुई कु. युक्तामुखी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों से पंजीयन कर अपने प्रश्न पूछने की अपील की है। उनका प्रेरक संदेश विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास और सक्रिय सहभागिता की भावना जागृत कर रहा है। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित ÷परीक्षा पे चर्चा मेला÷ में सभी विद्यालयों, समुदाय, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और इस आयोजन के परिणामस्वरूप एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन हुए।

## संपादकीय

# फरीदाबाद कांड से फिर शर्मसार हुआ सिस्टम

निर्भया कांड की दिल दहला देने वाली घटना ने सामाजिक संवेदनाओं को पूरी तरह झकझोर दिया था। उसके बाद इस तरह के घिनौने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कानून को और सख्त किया गया, लेकिन जमीन पर उसका प्रभावी असर कम ही नजर आता है। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में सोमवार की रात चलती कार में एक विवाहिता से सामूहिक बलात्कार की घटना ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं इस वारदात में भी विकृत मानसिकता का बर्बर चेहरा सामने आया है। आरोपियों ने विरोध करने पर न सिर्फ पीड़ित महिला की बेरहमी से पिटाई की, बल्कि बाद में उसे चलती कार से सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, मगर सवाल है कि आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों के मन में कानून का खौफ क्यों नहीं है? क्या आम नागरिकों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही सुरक्षा एजेंसियां अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन नहीं कर रही हैं? गौरतलब है कि फरीदाबाद में दो आरोपियों ने देर रात किसी वाहन का इंतजार कर रही एक महिला को लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठा लिया और उसे उसके गंतव्य तक ले जाने के बजाय गुरुग्राम की ओर ले गए तथा कार के अंदर ही उसके साथ मारपीट कर बलात्कार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पीड़ित महिला को कई घंटे कार में घुमाते रहे और करीब तीन बजे राजा चौक के पास तेज रफ्तार कार से उसे बाहर धकेल दिया। हैरत की बात है कि आरोपी रातभर इस कार को सड़कों पर दौड़ाते रहे, लेकिन पुलिस के किसी गश्ती दल ने इस पर ध्यान नहीं दिया और न ही किसी नाके पर उसे रोका गया। इससे पुलिस की सजगता और सतर्कता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। चलते वाहन में इस तरह की वारदात के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि पुलिस ने इनसे कोई सबक नहीं लिया है। वह घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी पर अपनी पीठ थपथपाने में लगी रहती है, लेकिन अपराध को रोकने का दायित्व बोध कोसों दूर रह जाता है।

# बांग्लादेश में -अराजकता, साजिश या शासन की नाकामी?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले दो सप्ताह में वहां तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। इससे हिंदू समुदाय के भीतर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ये हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब बांग्लादेश में आए दिन विरोध प्रदर्शनों से अराजक स्थिति पैदा हो रही है। सवाल है कि ऐसे हमले अचानक हो रहे हैं या फिर किसी गहरी साजिश के तहत इस तरह की हिंसा का जाल बुना जा रहा है! ऐसे में वहां की अंतरिम सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है हालांकि, सरकार का दावा है कि इन घटनाओं को सांप्रदायिकता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि इनके पीछे व्यक्तिगत कारण हो सकते हैं। अगर यह सही है, तो फिर क्या वजह है कि अल्पसंख्यकों को ही लक्षित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है? कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जाहिर है कि जिस तरह की अराजक स्थिति पैदा हो रही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन ही जवाबदेह हैं बांग्लादेश में अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ था। अंतरिम सरकार बनने के बाद वहां माहौल थोड़ा शांत और स्थिर हुआ था, लेकिन हाल के दिनों में हिंसा फिर से जोर पकड़ने लगी है। खासकर अब हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दो सप्ताह के भीतर तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। पहले भालुका इलाके में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला और फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया। इसके कुछ दिन बाद मैमनसिंह जिले में एक हिंदू नागरिक की हत्या कर दी गई। हाल ही में कपड़े के कारखाने में एक हिंदू कर्मी को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

*गांव-गांव में पशु मर रहे थे और जनता त्रस्त थी, लेकिन राज्य का पूरा प्रशासनिक तंत्र जोगी महल में प्रधानमंत्री की मेहमाननवाजी में लगा था। तब सोनिया गांधी के इतालवी रिश्तेदारों की उपस्थिति ने विपक्ष को यह कहने का मौका दिया था कि देश की सुरक्षा और संवेदनशील जंगलों के साथ विदेशी प्रभाव के कारण समझौता किया जा रहा है। आरोप लगे कि प्रधानमंत्री के मित्रों और परिवार के लिए भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों और सरकारी वाहनों का बेजा इस्तेमाल हुआ। रणथंभौर के ऐतिहासिक जोगी महल को आम जनता और पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया था। तब पत्रकारों ने इसे लोकतंत्र में राजशाही का उदय करार दिया।*

# रणथंभौर और गांधी-नेहरू परिवार- ये रिश्ता क्या कहलाता है?

(विनोद पाठक)

रणथंभौर के साथ गांधी-नेहरू परिवार का औपचारिक परिचय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में हुआ। वर्ष 1961 में जब ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भारत की राजकीय यात्रा पर आई, तब नेहरू उन्हें राजस्थान की वीरता और वैभव दिखाने के लिए जयपुर ले गए थे। राजस्थान के सवाई माधोपुर में स्थित रणथंभौर नेशनल पार्क केवल बाघों का संरक्षण केंद्र नहीं है, बल्कि यह भारतीय राजनीति के सबसे शक्तिशाली परिवार गांधी-नेहरू परिवार की तीन पीढ़ियों के निजी और सार्वजनिक जीवन का गवाह रहा है। अरावली और विंध्य की पहाड़ियों के मिलन स्थल पर बसा यह जंगल कभी जयपुर के महाराजाओं का निजी शिकारगाह था, लेकिन आज यह गांधी-नेहरू परिवार का सबसे पसंदीदा प्राइवेट रिट्रीट बन चुका है। प्रियंका गांधी मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी समेत पूरे परिवार के साथ पुत्र रेहान वाड्रा व अवीवा बेग की सगाई का उत्सव यहां मनाने पहुंची हैं। इस जंगल और इस परिवार के दशकों पुराने जटिल संबंधों की कहानी कूटनीति से शुरू होकर संरक्षण के रास्ते होते हुए विलासिता के विवादों से गुजरी तथा आज एक गहरी भावनात्मक विरासत पर आकर टिकी है। रणथंभौर के साथ गांधी-नेहरू परिवार का औपचारिक परिचय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में हुआ। वर्ष 1961 में जब ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भारत की राजकीय यात्रा पर आई, तब नेहरू उन्हें राजस्थान की वीरता और वैभव दिखाने के लिए जयपुर ले गए थे। उस समय रणथंभौर एक नेशनल पार्क नहीं, बल्कि जयपुर राजघराने की संपत्ति था। नेहरू के लिए रणथंभौर एक कूटनीतिक मंच था। महारानी के सम्मान में वहां एक भव्य टाइगर हंट आयोजित किया गया था। ऐतिहासिक संस्मरणों के अनुसार नेहरू स्वयं शिकार के विरोधी थे, लेकिन उस समय के अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और शाही परंपराओं के आगे वे मौन रहे। यह वह दौर था, जब रणथंभौर का उपयोग दुनिया के सामने भारत की रॉयल छवि पेश करने के लिए किया जाता था। रणथंभौर को विनाश से बचाने और उसे आज के वैभवशाली रूप में लाने का श्रेय निर्विवाद रूप से इंदिरा गांधी को जाता है। नेहरू के दौर में जहां यह शिकारगाह था तो इंदिरा गांधी के समय में यह अभयारण्य बना। इंदिरा गांधी का प्रकृति प्रेम सर्वविदित था। उनके कार्यकाल में वर्ष 1972 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आया और वर्ष 1973 में ऐतिहासिक प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत हुई। रणथंभौर के विकास में उनका सबसे बड़ा योगदान टाइगर मैन कैलाश सांखला को पूर्ण समर्थन देना था। इंदिरा गांधी अक्सर यहां बाघों की स्थिति जानने आती थीं। उन्होंने वर्ष 1980 में इसके कोर एरिया को नेशनल पार्क घोषित किया। उनके लिए रणथंभौर पिकनिक का स्थान नहीं, अपितु एक इकोलॉजी मिशन था। आज जो पर्यटक यहां बाघ देखते हैं, वे अनजाने में इंदिरा गांधी के उस विजन का लाभ उठा रहे हैं, जिसने शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। हालांकि, गांधी-नेहरू परिवार और रणथंभौर के संबंधों में सबसे काला तथा विवादित अध्याय दिसंबर 1987 में लिखा गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी अपनी पत्नी सोनिया गांधी, बच्चों राहुल व प्रियंका, बॉलीवुड के सुपरस्टार अभिताभ बच्चन के परिवार तथा सोनिया गांधी के इतालवी रिश्तेदारों के साथ यहां नया साल मनाने पहुंचे थे। यह यात्रा भारतीय राजनीति में विपक्षी प्रहार का सबसे बड़ा हथियार बनी। वरिष्ठ पत्रकार तवलीन सिंह ने अपनी पुस्तक दरबार में इस यात्रा का आंखों देखा हाल लिखा। उन्होंने लिखा कि उस समय राजस्थान भीषण सूखे और अकाल से जूझ रहा था। गांव-गांव में पशु मर रहे थे और जनता त्रस्त थी, लेकिन राज्य का पूरा प्रशासनिक तंत्र जोगी महल में प्रधानमंत्री की मेहमाननवाजी में लगा था। तब सोनिया गांधी के इतालवी रिश्तेदारों की उपस्थिति ने विपक्ष को यह कहने का मौका दिया था कि देश की सुरक्षा और संवेदनशील जंगलों के साथ विदेशी प्रभाव के कारण समझौता किया जा रहा है। आरोप लगे कि प्रधानमंत्री के मित्रों और परिवार के लिए भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों और सरकारी वाहनों का बेजा इस्तेमाल हुआ। रणथंभौर के ऐतिहासिक जोगी महल को आम जनता और पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया था। तब पत्रकारों ने इसे लोकतंत्र में राजशाही का उदय करार दिया। उस समय बोफोर्स कांड की आहट सुनाई दे रही थी और अमिताभ बच्चन की राजीव गांधी के साथ इस पिकनिक में मौजूदगी ने क्रोनी कैपिटलिज्म के नैरेटिव को और हवा दी। इसी दौर में राजीव गांधी की लक्षद्वीप यात्रा और आईएनएस विराट के उपयोग का मामला भी उछला था। इन दोनों घटनाओं, रणथंभौर और लक्षद्वीप, ने मिलकर राजीव गांधी की छवि एक मॉर्डन रिफॉर्मर से बदलकर एक ऐसे नेता की कर दी जो जनता की पीड़ा से कटा हुआ था। वैसे, राजीव गांधी की उस विवादित यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी एक किशोरी थीं। जहां दुनिया के लिए वह एक विवादित पिकनिक थी, वहीं प्रियंका गांधी के लिए वह अपने पिता के साथ बिताए गए अंतिम सुखद पलों में से एक था। देखा जाए तो प्रियंका गांधी का रणथंभौर के प्रति बार-बार खिंचाव एक इमोशनल रिट्रीट है। बकौल प्रियंका, उनके लिए रणथंभौर का हर मोड़ और हर बाघिन की दहाड़ उनके पिता की याद दिलाती है। उन्होंने अक्सर साक्षात्कारों में कहा है कि प्रकृति उन्हें हीलिंग का अहसास देती है। वे रणथंभौर में एक सामान्य पर्यटक की तरह नहीं, बल्कि एक वन्यजीव विशेषज्ञ की तरह समय बिताती हैं। उन्हें रणथंभौर की मशहूर बाघिनों के वंश के विषय में पूरी जानकारी है। दिल्ली की सत्ता और राजनीति के शोर से दूर, रणथंभौर का जंगल उन्हें वह एकांत प्रदान करता है, जहां वे केवल 'प्रियंका' हो सकती हैं, 'गांधी' नहीं। अब रणथंभौर के एक निजी और सुरक्षित परिवेश में प्रियंका के पुत्र रेहान वाड्रा और अवीवा बेग की सगाई का आयोजन हो रहा है। रेहान की सगाई के लिए इस स्थान को चुनना यह दर्शाता है कि गांधी-नेहरू परिवार की नई पीढ़ी भी अपने पूर्वजों की उस जंगली विरासत को सहेज कर रखना चाहती है। हालांकि, रणथंभौर और गांधी-नेहरू परिवार का रिश्ता केवल छुट्टियों का रिश्ता नहीं है। यह भारत के एक सबसे शक्तिशाली परिवार के उतार-चढ़ाव, उनकी व्यक्तिगत रुचियों और उनके राजनीतिक जीवन की संवेदनशीलता का एक जीवंत दस्तावेज है। बाघों की दहाड़ के बीच, इस परिवार ने यहां शांति भी पाई है और विवादों के तूफान भी झेले हैं। निश्चित रूप से वर्ष 2025 के अंतिम दिन की यह सगाई इसी लंबी और जटिल कहानी का एक नया और सुखद अध्याय है। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# जापान छूट गया पीछे, '3 -धुरंधरों' में कब शामिल होगा भारत, जर्मनी कितने साल दूर?

(अमित शुक्ला)

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसने जापान को पीछे छोड़ दिया है। यह लगातार ग्रोथ, मजबूत घरेलू ताकत और बेहतर मैक्रोइकॉनॉमिक मैनेजमेंट का नतीजा है। भारत का अगला लक्ष्य जर्मनी को पीछे छोड़ना है, जिसके लिए ऊंची ग्रोथ बनाए रखना और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स को गहरा करना महत्वपूर्ण होगा। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.18 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। इससे भारत जापान को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ गया है। अमेरिका, चीन और जर्मनी अब भारत से आगे हैं। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। 2022 में भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ा था और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना था। यह दिखाता है कि भारत लगातार तरक्की कर रहा है। भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना लगातार ग्रोथ, मजबूत घरेलू ताकत और बेहतर मैक्रोइकॉनॉमिक मैनेजमेंट का नतीजा है। जापान को पीछे छोड़ना एक प्रतीकात्मक और वास्तविक बदलाव है। अगला लक्ष्य जर्मनी को पीछे छोड़ना है। यह भारत की क्षमता को परखेगा कि वह ऊंची ग्रोथ को कैसे बनाए रखता है, स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स को कैसे गहरा करता है और स्थिरता कैसे बनाए रखता है। अगर मौजूदा रफ्तार बनी रहती है और रिफॉर्म्स ग्रोथ के आधार को और बढ़ाते हैं तो भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बहुत जल्द बन सकता है। यह बदलाव दुनिया की अर्थव्यवस्था में हो रहे बड़े बदलावों को दिखाता है। तेजी से बढ़ रही उभरती अर्थव्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं। वहीं, कुछ विकसित देशों की ग्रोथ धीमी हो गई है। जापान को पीछे छोड़ने की कहानी भारत और जापान की आर्थिक रफ्तार के अंतर को बताती है। जापान में जनसंख्या बूढ़ी हो रही है। लोगों की खरीदारी कम हो रही है। महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। इन वजहों से जापान की ग्रोथ धीमी है। वहीं, भारत में युवा आबादी है, शहरों का विकास हो रहा है और उत्पादकता बढ़ रही है। यह सब भारत की ग्रोथ को बढ़ा रहा है। हाल के महीनों में भारत की आर्थिक रफ्तार काफी तेज रही है। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही। पिछली तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत थी। यह ग्रोथ तब हुई जब दुनिया भर में व्यापार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। यह दिखाता है कि भारत की अपनी घरेलू ताकतें कितनी मजबूत हैं। लोगों की खरीदारी बढ़ी है, रोजगार बढ़ा है और महंगाई भी काबू में है। बैंकों से भी कंपनियों को आसानी से कर्ज मिल रहा है। इन सब वजहों से भारत की ग्रोथ जापान से कहीं ज्यादा रही और भारत नॉमिनल जीडीपी के मामले में आगे निकल गया। भारत की एक खास बात यह है कि यहां ग्रोथ भी अच्छी है और महंगाई भी कम है। महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय किए गए स्तर से नीचे है। इससे लोगों के पास ज्यादा पैसे हैं। वे ज्यादा खरीदारी कर पा रहे हैं। इसी को देखते हुए आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। ग्रोथ के साथ रोजगार की स्थिति भी सुधरी है। नवंबर 2025 में 15 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर घटकर 4.8 प्रतिशत रह गई। यह अप्रैल के बाद सबसे कम है। खासकर ग्रामीण और शहरी इलाकों में महिलाओं की बेरोजगारी में कमी आई है। बेरोजगारी का कम होना, काम करने वालों की संख्या का बढ़ना और काम करने लायक लोगों का ज्यादा होना, यह सब एक अच्छे साइकिल को दिखाता है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5963

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5962

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5963

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | | 11 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 12 | | 13 | |
| 14 | 15 | | 16 | | ■ | | ■ |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | | | | ■ | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारतीय संसद में पहुंचने वाले नेत्रहीन सदस्य जो मध्यप्रदेश के रीवा संसदीय क्षेत्र से चुनकर 1977 में भेजे गए (8)
7. सहनिवास, साथ उठना-बैठना (5)
8. पुरुष, मानव, मनुज (3)
10. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
12. विवश, लाचार, बेबस (4)
14. संगीतकार लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने अपनी सरगमी शुरूआत इस फिल्म से की थी (1963)(5)
17. दौड़ प्रतियोगिता यह कहलाती है (2)
18. यह बहरीन देश की राजधानी है (4)
20. फद-फद की आवाज (4)

**ऊपर से नीचे**

1. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त निकटवर्ती सभी बातों के लिए होता है (2)
2. हिंदी फिल्मों की एक जानी मानी अभिनेत्री जिन्हें 1996 में लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड दिया गया (1960-1980)(4)
3. तंदूर में पकाई जाने वाली मोटी खमीरी रोटी (2)
4. इस अंग्रेजी में फ्रीजर कहते है, श्यानित्र हिमकारी, हिमित्र (4)
5. समकक्ष (2)
6. कदाचित इस फिल्म की शूटिंग इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल में भी हुई थी विजयेंद्र घाटगे, नसीरुद्दीन शाह आदि ने भूमिकाएं की थी (1979)(3)
8. प्रारंभ, शुरूआत (3)
9. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
10. सेंसर बोर्ड की चेयरमेन रह चुकी है ये अभिनेत्री (कार्यकाल 1990 से 2001 तक)(5)
11. भीष्म साहनी का प्रसिद्ध उपन्यास (3)
12. रत्न, नगीना, जवाहर (2)
13. बुझौवल करना, बोध करना, सुलझाना (3)
15. बिना पकी भोजन सामग्री (3)
16. सहायता, सहयोग (3)
18. आनंदित निश्चित (2)
20. मछली (2)

### वर्ग पहेली 5962 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | पा | ल | कृ | ष्ण | गो | ख | ले |
| आ | ल | य | ■ | ■ | पा | त | क |
| ग | ■ | ही | न | कु | ल | ■ | ■ |
| म | हा | न | ■ | शा | ■ | प | र्थ |
| न | र | ■ | अ | ग्र | स | र | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | दा | व | त |
| म | ■ | ■ | ब | दा | ■ | रि | ■ |
| य | ज | मा | न | ■ | य | श | स्वी |

# आज का राशिफल

**मेष**

आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोरथ सिद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

**वृष**

आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में विवाह शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

**मिथुन**

आज आपको मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आज तृतीय प्रमुख पराक्रम भाव में चन्द्रमा का प्रबल योग बन रहा है। शाम 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक**

आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। भौतिक विकास का योग अच्छा है। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**धनु**

आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से व्यग्रता बढ़ सकती है।

**कर्क**

आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**सिंह**

आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आये इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**कन्या**

आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आयेंगी।

**मकर**

आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

**कुंभ**

आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें।

**मीन**

आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।



# कब्ज का अचूक इलाज हैं यह घरेलू उपाय

**अनियमित दिनचर्या और खान-पान के कारण कब्ज की समस्या होना आम बात है। भोजन के बाद बैठे रहने और रात के खाने के बाद सीधे सो जाने जैसी आदतें कब्ज के लिए जिम्मेदार होती हैं। अगर आपको भी होती है यह समस्या, तो हम बता रहे हैं, इससे निपटने के घरेलू उपाय**

- सुबह उठने के बाद पानी में नींबू का रस और काला नमक मिलाकर पिएं। इससे पेट अच्छी तरह साफ होगा, और कब्ज की समस्या नहीं होगी।
- कब्ज के लिए शहद बहुत फायदेमंद है। रात को सोने से पहले एक चम्मच शहद को एक गिलास पानी के साथ मिलाकर पिएं। इसके नियमित सेवन से कब्ज की समस्या दूर हो जाती है।
- सुबह उठकर प्रतिदिन खाली पेट, 4 से 5 काजू, उतने ही मुनक्का के साथ मिलाकर खाने से भी, कब्ज की शिकायत समाप्त हो जाती है। इसके अलावा रात को सोने से पहले 6 से 7 मुनक्का खाने से भी कब्ज ठीक हो जाता है।
- प्रतिदिन रात में हरड़ के चूर्ण या त्रिफला को कुनकुने पानी के साथ पिएं। इससे कब्ज दूर हेगा, साथ ही पेट में गैस बनने की समस्या से भी निजात मिलेगी।
- कब्ज के लिए आप सोते समय अरंडी के तेल को हल्के गर्म दूध में मिलाकर पी सकते हैं। इससे पेट साफ होता है, और कब्ज की समस्या नहीं होती।
- ईसबगोल की भूसी कब्ज के लिए रामबाण इलाज है। आप इसका प्रयोग दूध या पानी के साथ, रात को सोते वक्त कर सकते हैं। इससे कब्ज की समस्या बिल्कुल समाप्त हो जाएगी।
- फलों में अमरूद और पपीता, कब्ज के लि बेहद फायदेमंद होते हैं। इनका सेवन किसी भी समय किया जा सकता है। इन्हें खाने से पेट की समस्याएं तो समाप्त होती ही हैं, त्वचा भी खूबसूरत बनती है।
- किशमिश को कुछ देर तक पानी में गलाने के बाद, इसका सेवन करने से कब्ज की शिकायत दूर हो जाती है। इसके अलावा अंजीर को भी रातभर पानी में गलाने के बाद उसका सेवन करने से कब्ज की समस्या खत्म होती है।
- पालक भी कब्ज के मरीजों के लिए एक अच्छा विकल्प है। प्रतिदिन पालक के रस को दिनचर्या में शामिल कर, आप कब्ज से आजाादी पा सकते हैं, साथ ही इसकी सब्जी भी सेहत के लिए अच्छी होती है। लेकिन अगर आप पथरी के मरीज हैं, तो इसका इस्तेमाल न करें।
- कब्ज से बचने के लिए नियमित रूप से व्यायाम और योगा करना बेहद फायदेमंद होता है। इसके अलावा हमेशा गरिष्ठ भोजन करने से बचना चाहिए।
- इसके अलावा कब्ज की परेशानी अत्यधिक होने पर आप डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।



# सामान्य घुटनों का दर्द, कहीं वह अर्थराइटिस की शुरुआत तो नहीं?

**कोरोना वायरस की चपेट में आने के बाद कई लोगों की इम्यूनिटी पर भी इसका असर पड़ा है। कई लोगों को जोड़ों के दर्द की दिक्कत भी हो रही है। कई बार लोग जोड़ों के दर्द को बढ़ती उम्र का असर समझ लेते हैं लेकिन असल में वे अर्थराइटिस की बीमारी से जूझ रहे होते हैं।**

अर्थराइटिस या गठिया की बीमारी को लेकर अक्सर लोगों में अवेयरनेस की कमी होती है। अर्थराइटिस में जॉइंट पेन या जोड़ों में बहुत अधिक दर्द और सूजन महसूस होती है। यह दर्द इतना तेज होता है कि लोगों के लिए इसे सह पाना मुश्किल हो जाता है। अर्थराइटिस की बीमारी जॉइंट्स को प्रभावित करती है और इसमें, शरीर की हड्डियों के जोड़ वाले स्थानों पर सूजनऔर दर्द होने लगता है। इसमें. कोहनी और घुटनों के अलावा उंगलियों और कलाइयों में भी दर्द महसूस होता है।

## अर्थराइटिस के मरीजों को क्या नहीं खाना चाहिए?

### फास्ट फूड

फास्ट फूड, अनाज और बेक्ड फूड जैसे प्रोसेस्ड आइटम में रिफाइंड अनाज, एडेड शुगर, प्रिजर्वेटिव्स और ऐसी चीजें पाई जाती हैं, जो शरीर में सूजन बढ़ाने का काम करता है।

### अल्कोहल

शराब को सेहत के लिए हानिकारक माना जाता है। अर्थराइटिस की बीमारी में शराब और भी खतरनाक है, इससे घुटनों में दर्द की प्रॉब्लम बढ़ सकती है।

### मीट/चिकन/फिश

ज्यादा ओमेगा 6 फैट और कम ओमेगा-3 फैट वाली डाइट ओस्टियोआर्थराइटिस और रयूमेटाइड आर्थराइटिस को और बढ़ाने का काम करते हैं।

### नमक

गठिया वाले लोगों के लिए नमक कम खाना चाहिए। झींगा, डिब्बाबंद सूप, पिज्जा,चीज, प्रोसेस्ड मीट और कई अन्य प्रोसेस्ड फूड में नमक बहुत ज्यादा पाया जाता है।

### एजीई

एजीई का मतलब है एडवांस ग्लाइसेशन एंड प्रॉडक्ट। ये आमतौर पर अधपके मीट में पाए जाते हैं और कई बार उन्हें पकाने के दौरान बनते हैं। हाई प्रोटीन, मेयोनेज, हाई फैट एनिमल फूड, जिन्हें फ्राई, रोस्ट, ग्रिल या उबाल कर खाया जाता है, एजीई का सबसे बड़ा डाइटरी सोर्स होता है।



# सर्दी में लौंग की चाय पीने के फायदे

अदरक और इलायची की चाय बहुत ही पॉप्युलर है। सर्दियों में ज्यादातर लोग अदरक वाली चाय पीना पसंद है। वहीं, गर्मी के मौसम में इलायची वाली चाय खूब पी जाती है। आप अगर चाय के फैन है, तो आपको ठंड के मौसम में लौंग की चाय भी ट्राई करनी चाहिए। यह चाय स्वाद में ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है।

### लौंग के पोषक तत्व

लौंग में प्रोटीन, आयरन, कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम, सोडियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक और कॉपर जैसे तत्वों से भरपूर होती है।

### कैसे बनाएं

सबसे पहले लौंग को पीसकर पाउडर बना लें। एक पैन में एक गिलास पानी डालें और साथ ही लौंग का पाउडर भी डाल दे। पानी में उबाल आने तक रूकें। लगभग 3 से 5 मिनट बाद गैस को बंद कर दें और चाय को छान लें। चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें चीनी या गुड़ की जगह शहद भी डाल सकते हैं।

### फायदे

- लौंग में मैग्नीशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है। साथ ही इसमें कैल्शियम भी होता है, इसलिए इसकी चाय पीने से दांतों में दर्द की समस्या नहीं होती।
- लौंग की चाय पीने से मुंह की बदबू दूर होती है। साथ ही अगर आपके मसूड़ों से खून आता है, तो आपको रोजाना एक कप लौंग की चाय पीनी चाहिए।
- लौंग की चाय पीने से आपको पेट की समस्या भी नहीं होती, अगर आपको लूज मोशन की दिक्कत है, तो भी आप अदरक की जगह लौंग की चाय पिएं।



# शरीर को डिटॉक्सीफाई करती है चुकंदर

**इस मौसम में लोगों के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है और बीमारियों के हमले की आशंका बढ़ती है। ऐसे में चुकंदर का सेवन कई तरह से सुरक्षा कवच साबित होता है।**

बदलते मौसम में इम्युनिटी को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। आहार विशेषज्ञ दैनिक आहार में ज्यादा से ज्यादा एंटी ऑक्सिडेंट और पौष्टिक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करने की सलाह देते हैं। उनमें से एक है- गहरे लाल बैंगनी रंग का चुकंदर। यह यूं तो साल भर मिलता है, लेकिन सर्दियों में इसे बेहद चाव से खाया जाता है। चुकंदर में कई ऐसे पौष्टिक तत्व मौजूद हैं, जो इसे सुपरफूड का दर्जा देते हैं। चुकंदर में कैलोरी बहुत कम होती है, लेकिन विटामिन, मिनरल्स जैसे पौष्टिक तत्वों और कई एंटी ऑक्सिडेंट गुणों की प्रचुरता होती है, जो इसे औषधीय गुणों में लबरेज बनाती है। एक चुकंदर का नियमित सेवन व्यक्ति को इस मौसम में निरोगी रखने में मदद तो करता ही है, त्वचा को भी निखारता है।

### शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए

चुकंदर में मौजूद एंटी ऑक्सिडेंट तत्व शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। बेटानिन एंटी ऑक्सिडेंट नामक पिगमेंट या रंग होता है, जो एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों को बढ़ाता है। इससे सर्दी-खांसी, श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियों के उपचार में मदद मिलती है।

### सांस की तकलीफ में सहायक

इस मौसम में एलर्जिक लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। एंटी ऑक्सिडेंट से भरपूर चुकंदर के नियमित सेवन से उनके शरीर में ऑक्सीकरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से चलने लगती है।

### पाचन प्रक्रिया को करे दुरुस्त

चुकंदर में मौजूद बेटेन तत्व आंतों को साफ करता है और पेट से जुड़ी बीमारियों से बचाता है। एक कप चुकंदर में करीब साढ़े तीन ग्राम फाइबर होता है, जो अपच, कब्ज या इरिटेबल बाउर्ल सिंड्रोम, इन्फ्लेमेटरी बाउल डिजीज की समस्या को दूर करने में मदद करता है। सुबह नाश्ते से पहले एक गिलास चुकंदर के जूस में एक चम्मच शहद को मिलाकर पीना चाहिए।

चुकंदर का जूस उल्टी, दस्त, पाचन संबंधी गड़बड़ी, जॉण्डिस और हेपेटाइटिस जैसी बीमारी में काफी सहायक होता है। चुकंदर के जूस में एक चम्मच नीबू का रस मिलाकर तरल भोजन के रूप में लेने से लाभ होता है।

### करे शरीर को डिटॉक्सीफाई

चुकंदर में सोडियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस, क्लोरीन और आयोडीन जैसे तत्व पाए जाते हैं। पोटैशियम शरीर को पोषण प्रदान करने में मदद करता है। क्लोरीन लिवर, किडनी और गॉल ब्लैडर से विषैले और एलर्जन तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। चुकंदर के रस में गाजर और खीरे के जूस को मिलाकर पीना अधिक फायदेमंद साबित होता है।

### रखे दिल का ख्याल

इस मौसम में तापमान कम होने से हार्ट आर्टरीज ब्लॉक हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजन, ब्लड और पोषक तत्वों की सप्लाई में रुकावट आती है। ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए हार्ट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, ब्लड प्रेशर का स्तर बढ़ जाता है और हार्ट अटैक का खतरा रहता है। चुकंदर के जूस में अकार्बनिक कैल्शियम, फोलेट और नाइट्रेट रसायन होता है, जो रक्त में नाइट्रिक ऑक्साइड गैस बनाता है। यह रसायन ब्लड आर्टरीज पर पड़ने वाले दबाव को कम कर ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है। इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और दिल की बीमारी का खतरा कम होता है।

### एनीमिया में हो सुधार

चुकंदर में पर्याप्त मात्रा में आयरन, विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो खून मे हीमोग्लोबिन बढ़ाने और खून साफ करने का काम भी करते हैं। आयरन की अधिकता के कारण यह लाल रक्त कोशिकाओं को सक्रिय और उनकी पुनर्रचना करता है। इसका जूस पीने से एनीमिया के रोगी को काफी आराम मिलता है और उसके शरीर में खून की कमी पूरी हो जाती है। यानी हीमोग्लोबिन बेहतर होता है।

### त्वचा संबंधी रोगों में कारगर

चुकंदर के नियमित सेवन से त्वचा चमकदार, चिकनी और गुलाबी बनी रहती है। वर्तमान मौसम में एलर्जी की वजह से त्वचा संवेदनशील हो जाती है, जिससे उन पर चकत्ते, खुजली, जलन, एग्जिमा जैसी समस्याओं की आशंका रहती है, लेकिन चुकंदर के सेवन से उसकी आशंका काफी कम हो जाती है। इसके पत्ते को मेहंदी के साथ पीसकर सिर पर लगाने से बालों का झड़ना रुकता है। बालों में रूसी होने पर चुकंदर के काढ़े में थोड़ा-सा सिरका मिलाकर लगाना फायदेमंद होता है।

### वजन कम करने में सहायक

सर्दियों में पाचन तंत्र में सुधार होने की वजह से लोग अधिक खाते हैं। इससे कई लोग मोटापे के भी शिकार हो जाते हैं। ऐसे में चुकंदर को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना फायदेमंद है। इसमें कैलोरी कम होती है, फाइबर, विटामिन, मिनरल, पानी जैसे तत्व अधिक होते हैं। ये तत्व फैट के दुष्प्रभाव से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इससे देर तक भूख नहीं लगती और पेट भरे होने का एहसास होता है। इससे व्यक्ति अनावश्यक भोजन से बचता और वजन बढ़ने की आशंका कम होती है।

**दुनियाभर के विकसित देशों में अल्जाइमर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में दुनियाभर के वैज्ञानिक इस बीमारी का इलाज खोजने में लगे हैं। इसी बीच साउथ कोरिया के ग्वांगजू इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (जीआईएसटी) के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए एक शोध में अल्जाइमर के इलाज की नई उम्मीद जगी है। यह अध्ययन ट्रांसलेशन न्यूरोडिजेनरेशन में प्रकाशित हुआ है।**



# अल्जाइमर के इलाज में मददगार हो सकती है गामा एंट्रेनमेंट तकनीक

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने यह दर्शाने में कामयाब हुए हैं कि अल्जाइमर से निपटने के लिए अल्ट्रासाउंड आधारित गामा एंट्रेनमेंट मददगार हो सकता है। इस तकनीक में किसी व्यक्ति के ब्रेन वेव्स को 30 हर्ट्ज से ज्यादा किया जाता है, जिसे गामा वेव्स कहते हैं। ये काम बाहरी दोलन आवृत्ति से समेकित किया जा सकता है। यह प्रक्रिया स्वाभाविक रूप से किसी कारक को दोहराए जाने वाले उद्दीपन जैसे साउंड, लाइट या यांत्रिक कंपन के जरिए की जा सकती है।

शोधकर्ताओं द्वारा चूहों पर किए गए अध्ययन में पाया गया है कि गामा एंट्रेनमेंट बी-एमिलाइड की परत जमने और टाउ प्रोटीन को जमा होने से रोकने में कारगर साबित होता है। ये दोनों ही अल्जाइमर के प्रतीक माने जाते हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्ट्रासाउंड के 40 हर्ट्ज की मदद से गामा एंट्रेनमेंट को महसूस किया जा सकता है। इस विधि की खासियत उसके इस्तेमाल का तरीका है।

जीआईएसटी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर और अध्ययन के सह लेखक जेई ग्वान किम का कहना है कि अन्य गामा एंट्रेनमेंट तरीकों (जो साउंड या टिमटिमाती प्रकाश पर निर्भर करते हैं) की तुलना में अल्ट्रासाउंड बिना किसी जख्म और संवेदी तंत्र को नुकसान पहुंचाए ही दिमाग में प्रवेश कर सकता है। इसके लिए अल्ट्रासाउंड आधारित यह तरीका ज्यादा सुविधाजनक है।

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के दौरान पाया कि चूहे को दो सप्ताह तक रोजाना दो घंटे अल्ट्रासाउंड पल्स के सामने रखने से दिमाग में बी-एमिलाइड की परत और टाउ प्रोटीन की मात्रा में कमी आई। इसके अलावा इलेक्ट्रोइन्फैलोग्राफिक विश्लेषण में यह भी पाया गया कि उन चूहों के दिमाग के कामकाज में सुधार हुआ। इसका मतलब यह है कि तंत्रिकाओं की कनेक्टिविटी को भी फायदा हुआ। इतना ही नहीं, इस प्रक्रिया में किसी प्रकार माइक्रोब्लीडिंग (ब्रेन हेमरेज) भी नहीं हुआ।

### अल्जाइमर के इलाज के लिए नया रास्ता खुला

जेई ग्वान किम का कहना है कि हमारे अध्ययन से अल्जाइमर के इलाज के लिए नया रास्ता खुल सकता है। इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। साथ ही अल्जाइमर से जुड़ी अन्य स्थितियों से भी बचाव हो सकता है। उन्होंने बताया कि हमारे इस एप्रोच से जहां बीमारी के बढ़ने की गति को कम करके मरीज के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकता है। वहीं, पार्किंसंस जैसी तंत्रिकाओं के क्षय वाली अन्य बीमारियों का भी इलाज किया जा सकता है।

# कई बीमारियों से दूर रखती है अनार के छिलकों की चाय

भारतीय घरों में हर सुबह लोग चाय पीना पसंद करते हैं। आमतौर पर चायपत्ती की मदद से बनने वाली चाय में कैफीन होता है और इसका आवश्यकता से अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना गया है। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर चायपत्ती की जगह अनार के छिलकों की मदद से चाय बनाई जाए तो यह बेहद ही स्वास्थ्यवर्धक होती है। इससे आपकी सेहत को कई बेहतरीन लाभ प्राप्त होते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि आज के व्यस्त लाइफस्टाइल में लोग अपने खानपान से लेकर एक्सरसाइज आदि पर फोकस नहीं करते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं शुरू हो जाती है। जिसके कारण बॉडी को डिटॉक्सिफाई करना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके लिए आप अनार के छिलकों से बनी चाय का सेवन करें। अनार की चाय जो एंटीऑक्सिडेंट गुणों से भरी होती है, आपके शरीर में जमा सभी टॉक्सिन्स को बाहर निकाल देती है, जिससे आप अधिक हेल्दी बनते हैं।

### बेहतर पाचन तंत्र

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अनार के छिलके वाली चाय पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभकारी है। यह जठरांत्र संबंधी मार्ग में रोगजनक कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए आवश्यक है, जिससे पाचन तंत्र के स्वस्थ कामकाज को बढ़ावा मिलता है। अनार की चाय पीने से कोलाइटिस, डायरिया, पित्त, साल्मोनेला और अल्सर का इलाज करने में मदद मिलती है।

### गले की खराश से राहत

अगर आप बदलते मौसम में गले की खराश के कारण परेशान हैं तो ऐसे में आप अनार के छिलके की चाय बनाकर पी सकते हैं या फिर अनार के छिलकों को नमक और गर्म पानी में मिलाकर गरारे करें। ऐसा करने से गले की खराश से तुरंत राहत मिलती है।

### गुड डेंटल हाइजीन

नमक के साथ गर्म अनार के छिलके वाली चाय को दांतों के दर्द से पीड़ित लोगों को गार्गल करना चाहिए। इससे उन्हें तुरंत राहत महसूस होती है। इतना ही नहीं, इससे आपको बैड ब्रेथ और मुंह की दुर्गंध से निपटने में भी मदद मिलती है।



## संक्षिप्त समाचार

### कौही में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में अर्जुन्दा रही खिताबी विजेता



**पाटन।** जय बजरंग युवा कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी कौही के तत्वाधान में नूतन वर्ष 2026 के पावन अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे,अध्यक्षता सरपंच लीना साहू ने की, विशेष अतिथि मनोरमा रमन टिकरिहा पूर्व सरपंच,हेमलाल सोनकर उपसरपंच,धनेश्वर देवांगन पूर्व उपसरपंच,डा संतोष साहू,धनंजय देवांगन एवं अन्य प्रतिनिधियों के आतिथ्य में संपन्न हुआ।
मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने ग्रामीण अंचल में कबड्डी खेल युवाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।यह खेल बहुत ही सस्ता,सरल,सहज एवं दिमाग का संचार करने वाला है।खेल हमेशा खेल भावना से खेले।आयोजक,विजेता,उपविजेता एवं सभी प्रतिभागी टीम के खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किए। प्रतियोगिता में अर्जुन्दा की टीम विजेता,कौही की टीम उपविजेता रही। इस दौरान सुमेश्वर ठाकुर,पोखन देवांगन,राकेश सोनकर,सुखदेव निषाद,ईश्वर देवांगन,नारायण सोनकर,अनूप निषाद,रूपेश साहू,भोजराम,परमेश्वर निषाद,गौरव साहू,राजा साहू,धनराज यादव,टीकम ठाकुर,भगवान निषाद,राकेश निषाद,टाकेश यादव,बालेश्वर,गिरवर,ठाकुर साहू,तुलेश्वर साहू,वासुदेव,मिथलेश ठाकुर,संतोष ठाकुर,करण यादव,तिलेश्वर खिलाड़ी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पटेल समाज सावनी में मनाया धूम धाम से शाकंभरी जयंती



**पाटन।** ग्राम सावनी कोसरिया पाटन। मरार (पटेल) समाज द्वारा शाकंभरी जयंती और छेर छेरा पुन्नी के अवसर पर गांव में धूम धाम से रैली निकाला गया । गाड़ी को विभिन्न प्रकार के शाक सब्जियों में सजाकर रैली निकाला,साथ ही सभी कलशों में सब्जियों के कलाकृति से सजाकर पटेल समाज और मां शाकंभरी जी की नारा लगाते हुए गांव के सभी मोहल्ले में माता जी की शोभा यात्रा निकली ।यात्रा से वापस आने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा जिसमें गांव के कलाकार बच्चों के द्वारा नृत्य और गायन किया गया । कार्यक्रम के पश्चात माता का प्रसाद स्वरूप भव्य भोजन का भंडारा समाज द्वारा रखा गया जिसमें सभी मिल जुल्क माता का भोग बनाकर वितरण किया गया साथ ही साथ रात्रि कालीन मानस परिवार द्वारा रामायण का कार्यक्रम रखा गया ।जिसे देख लोगो के मन में उत्साह उमड़े । कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रमुख गंगाधर पटेल,सुखीत पटेल,सुनील पटेल,खेमू पटेल,प्रकाश पटेल,महेंद्र पटेल,हरीश पटेल,प्रभात पटेल,नागेश पटेल, टिकेश्वर पटेल (योग शिक्षक),मनीष पटेल,द्वारिका पटेल,मुरारी पटेल,हरिशंकर पटेल,शिलूराम पटेल,रामकृष्ण पटेल,तोमन पटेल,अशोक पटेल,यशवंत पटेल, जशपाल पटेल,खुमान पटेल,अनिल पटेल,चंद्रिका पटेल, रीना पटेल,अमृत बाई पटेल,टिकेश्वर पटेल,टिकेंद्र पटेल,विवेक पटेल,अंजनि पटेल,उषा पटेल उपस्थित रहे और इस कार्यक्रम को अच्छी तरफसे भूमिका निभाए । साथ ही साथ समाज को एक नया संदेश देकर पटेल समाज को उजागर किया ।

### बसंतपुर में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला 14 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला महोत्सव का आयोजन 14 जनवरी दिन बुधवार को शुभारंभ होगा। यह मकर संक्रांति मेला महोत्सव लगातार 3 दिन तक चलेगा। जिसका समापन 16 जनवरी दिन शुक्रवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

# लक्ष्याभिषेक 2026 के साथ जेसीआई दुर्ग-भिलाई 2026 में नए नेतृत्व की औपचारिक स्थापना

**दुर्ग-भिलाई (समय दर्शन)।** नवीन नेतृत्व, सेवा-भाव एवं संगठनात्मक संकल्प के साथ जेसीआई दुर्गङ्कभिलाई का 53वां शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह 'लक्ष्याभिषेक 2026' गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन 04 जनवरी को होटल वृंदावन इन में आयोजित किया गया।




इस अवसर पर सत्र 2026 की नवगठित कार्यकारिणी 'टीम लक्ष्य' ने संगठन के नियमों के अनुरूप अपने-अपने दायित्वों की शपथ ली। जेसी संतोष कुमार ने अध्यक्ष एवं जेसी तोरण अटल ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की।

इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद के लिए जेसी अमित शालिनी अग्रवाल, जेसी विवेक संघवी, जेसी हिमांशु देवांगन, जेसी अर्पित चांडक, जेसी अंकित मित्तल एवं जेसी जीएसएम वाम्सी ने अपने दायित्वों की शपथ ली। साथ ही सह-सचिव पद के लिए जेसी गुंजा पिंचा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए जेसी रितेश पंडित ने भी शपथ ग्रहण की।

महिला विंग में लेडी जेसी रानू कुमार ने चेयरपर्सन तथा लेडी जेसी स्वाति अटल ने सचिव पद का दायित्व संभाला। वहीं जूनियर जेसी विंग में जूनियर जेसी वनिशा अग्रवाल ने अध्यक्ष तथा जूनियर जेसी सक्षम सिन्हा ने सचिव पद की शपथ ली। संगठनात्मक दायित्वों के अंतर्गत ग्रीटर पद के लिए जेसी प्रांजल हरिहरनो तथा पीआरओ पद के लिए जेसी प्रखर ट्विंकल पारख ने भी अपने दायित्वों की शपथ ली।

संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष 2025 जेसी आलोक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय पीपीपी जेएफ्आर जेसी राजेश अग्रवाल, ज़ोन 27 के अध्यक्ष जेएफ्री जेसी सीए प्रणव लाठ एवं ज़ोन 27 के उपाध्यक्ष जेफ्म ?म जेसी आशीष गोयल , विशेष रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के सर्वोच्च सम्मान पंडित रविशंकर शुक्ल से अलंकृत मुख्य अतिथि जेसी राजेश अग्रवाल ने संस्था के मेंबर्स को प्रबंधन और मैनेजमेंट के टीम वर्क की सिख दी 7अतिथियों का स्वागत एवं परिचय अत्यंत गरिमामय ढंग से जूनियर जेसी अनाया त्यागी , अन्वी जैस्वाल, कनक चांडक ने किया किया गया।

कार्यक्रम के मेंटोर एवं पूर्व अध्यक्ष जेसी प्रवीण परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मास्टर ऑफसेरेमनी पूर्व अध्यक्ष जेसी प्रनय राखी महेश्वरी रहे। संस्था के अध्यक्ष 2024 जेसी योगेश राठी ने अपनी फेयरवेल भाषण के साथ पूर्व अध्यक्षों की गैलेक्सी को ज्वाइन किया 7 अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधनों ने सदस्यों में नेतृत्व, सेवा एवं सामाजिक दायित्व के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया। संगठन के आधार स्तंभों एवं पूर्व अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति ने संस्था की सुदृढ़ विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के सफ्ल संचालन में कार्यक्रम निदेशक जेसी गीत पुरोहित की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल मार्गदर्शन में लेडी जेसी नीतू बंसल, आयुषी पुरोहित एवं रोशनी जसूजा ने समारोह को अनुशासित एवं प्रभावशाली ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समारोह की सफ्लता के पीछे मंच के पीछे कार्य करने वाली टीम का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। सभी व्यवस्थाओं का कुशल संचालन जेसी अतुल जैन एवं जेसी अमित मेश्राम द्वारा किया गया। उनके उत्कृष्ट समन्वय एवं समर्पण से यह शपथ ग्रहण समारोह सुव्यवस्थित और गरिमामय रूप में संपन्न हो सका।

यह जानकारी सत्र 2026 की पीआरओ लेडी जेसी ट्विंकल खेमुका पारख द्वारा प्रदान की गई।

## जिला पंचायत सीईओ ने लोहरसी, धरदेई एवं मेउभाटा ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के कार्यों का किया निरीक्षण



### आजीविका डबरी निर्माण, रोजगार आवास दिवस एवं 90 दिवस की मजदूरी का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा/** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण एवं मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे द्वारा जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों एवं संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत पामगढ़ के लोहरसी, धरदेई एवं मेउभाटा ग्रामों का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की प्रगति का स्थल पर जाकर जायजा लिया तथा हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण की स्थिति, गुणवत्ता एवं मजदूरी भुगतान की जानकारी प्राप्त की।

सीईओ श्री रावटे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण के हितग्राहियों को 90 दिवस की अकुशल श्रमिक मजदूरी का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाया जाए तथा आवास निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवास योजना केवल भवन निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि उससे जुड़ी आजीविका एवं रोजगार सुविधाएं भी हितग्राहियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को मांग के आधार पर तकनीकी मापदंडों के अनुरूप आजीविका डबरी निर्माण कराए जाने तथा इसके माध्यम से हितग्राहियों के लिए आजीविका संवर्धन प्लान तैयार कर प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस एवं आवास दिवस के अवसर पर हितग्राहियों से क्यूआर कोड स्कैन करवाते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि लोग योजनाओं के प्रति जागरूक हों और उनका अधिकतम लाभ ले सकें। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को हितग्राहियों के साथ सतत समन्वय बनाए रखने, नियमित निगरानी करने तथा तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## घिवरा सेल्समेन और संस्था प्रबंधक की आपसी मिलीभगत से खाघान्न वितरण प्रणाली में जमकर भर्राशाही

**बिर्रा- समय दर्शन** --गरीब के मुंह से निवाला छिनने वाले सोसायटी के सेल्समेन और संस्था प्रबंधक की भूमिका संदेह के दायरा में है मामले की निष्पक्ष जांच होने पर गड़बड़ी का परत दर परत खुलासा होगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिर्रा के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति घिवरा में सेल्समेन और संस्था प्रबंधक की आपसी मिलीभगत से दो महीने का खाघान्न वितरण में जमकर भर्राशाही किया गया है। तथा दो महीने का राशन वितरण गरीब को वितरण नहीं किया गया है तथा खाघान्न में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है तथा दो महीना का राशन वितरण नहीं करके गरीब के पेट का निवाला छिन लिया है तथा गरीब अपने दो माह का खाद्य सामग्री नहीं मिलने के कारण अनाज शक्कर अमृत नमक वितरण नहीं किया गया है दो महीने का राशन वितरण नहीं होने से गरीब तबके के लिए दो वक्त घर में चूल्हा नहीं जल रहा है तथा शासन ने हर माह बड़ी मात्रा में सभी सोसायटी के माध्यम से हितग्राही को खाघान्न वितरण करने के लिए व्यवस्था किया गया है ताकि हितग्राही को हर माह सरलता के साथ खाघान्न वितरण हो सके किन्तु जवाबदेह अधिकारी की आपसी सामंजस्य और सांठगांठ से सेल्समेन और संस्था प्रबंधक की भूमिका संदेह के दायरा में है। तथा दोनों ने मिलकर दो माह का खाद्य सामग्री को वितरण नहीं करके हितग्राही को जारी नहीं किया गया है तथा हितग्राही से पूछने पर बताया कि दो माह से मेरे को सोसायटी से सामान नहीं मिला है तथा सामान के लिए सेल्समेन को बोला कि मेरे घर में चांवल नहीं है दो माह गुजर जाने के बाद भी राशन आबंटित नहीं किया है मै दूसरे के पास से राशन को लेकर आया हूं जिसके कारण मेरे घर में चूल्हा जल रहा है मै रोजी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं ऐसे में अगर चांवल नहीं मिलेगा तो मेरे घर में बच्चे भूखा हो जाएगा । आखिर दो माह का राशन को आसमान निगल गया कि जमीन खा गयी ऐसे में इस मामले की निष्पक्ष जांच होने पर गड़बड़ी का परत दर परत खुलासा होगा।??दो माह का राशन वितरण नहीं-- सेवा सहकारी समिति मर्यादित घिवरा में सेल्समेन और संस्था प्रबंधक की आपसी मिलीभगत से खाघान्न वितरण प्रणाली में जमकर भर्राशाही किया गया है तथा दो माह का खाद्य सामग्री हितग्राही को वितरित नहीं किया गया है।??मामला की जांच में खुलासा?? दो माह का राशन वितरण हितग्राही को वितरित नहीं किया गया है इस मामले की जांच होने पर परत दर परत बड़ी खुलासा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।




## राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

**दुर्ग।** राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक तुलसी पैलेस बोरसी दुर्ग में आयोजित हुआ जिसमें रविवार 11 जनवरी 2026 सरस्वती शिक्षा संस्थान रोहणी पुरम रायपुर में राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अधिवेशन में शिक्षा प्रकोष्ठ से प्रदेश के सभी जिलों से 45 शिक्षक प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अध्यक्षता माननीय उप मुख्यमंत्री अरुण साव विशिष्ट अतिथि माननीय गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री उपस्थित रहेंगे इस अधिवेशन में मुख्यमंत्री जी को अलग अलग विभागों के शासकीय सेवकों से संबंधित मांग सौंपा जाएगा जिसमें शिक्षा विभाग से व्याख्याता प्राचार्य पदोन्नति में भारी विसंगति के कारण कनिष्ठ प्रधान पाठकों को प्राचार्य बना दिया गया है जिससे सैकड़ों वरिष्ठ व्याख्याता प्राचार्य पदोन्नति से वंचित हो गए इसी प्रकार डीपीआई ने ई संवर्ग के नियमित शिक्षकों प्राथमिक प्रधान पाठकों को छोड़ कर केवल एल बी संवर्ग के शिक्षकों को व्याख्याता पदोन्नति दे रहे हैं जो भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 का खुला उल्लंघन है विभाग के उच्च अधिकारियों की मनमानी तथा अभ्यावेदनों पर उचित कार्यवाही नहीं करने से न्यायालयीन प्रकरण बढ़ते जा रहा है अत: ई संवर्ग की पदोन्नति में कोटे के अंतर्गत कोटा को समाप्त कर प्राचार्य पदोन्नति के लिए व्याख्याता व्याख्याता एल बी प्रधान पाठक पू मा शाला की अलग अलग फीडर केडर को समाप्त कर एक ही वरिष्ठता सूची बनाई जाए इसी प्रकार व्याख्याता की पदोन्नति में नियमित शिक्षक एल बी शिक्षक प्रधान पाठक नियमित प्रधान पाठक एल बी की एक ही वरिष्ठता सूची बना कर पदोन्नति पर विचार किया जाए जिससे वरिष्ठ शिक्षक ही पदोन्नत होंगे कनिष्ठ नहीं शिक्षा प्रकोष्ठ की ओर से इस मांग को प्रमुखता से माननीय मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

# पत्रकार साथी स्वस्थ्य रहे, मस्त रहे, व्यस्त रहे - ब्यास कश्यप

### डा. गौरीशंकर कश्यप की स्मृति में संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जांजगीर में पत्रकार एवम परिजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**जांजगीर चांपा।** डॉक्टर लोकेंद्र कश्यप अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करते रहे हैं, पत्रकारगण भी इसी समाज का अभिन्न अंग है जो की समाज की भलाई के लिए हमेशा कार्यरत रहते हैं इसलिए आज का यह स्वास्थ्य शिविर पत्रकारगण एवं उनके परिजनों के लिए आज था। सभी पत्रकार साथी स्वस्थ रहें मस्त रहें व्यस्त रहें, उपरोक्त उदगार आज संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जांजगीर में डॉ. गौरीशंकर कश्यप की स्मृति में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा।
रविवार सुबह 9 बजे सबसे पहले स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ पत्रकार देव कुमार पाण्डेय स्वास्थ्य चेकअप के लिए पहुंचे, फ्रि पुरषोत्तम राठौर, राजेश सिंह क्षत्री, शशि भूषण सोनी, शैलेश शर्मा, संजय यादव, निलेश तिवारी, गोपाल शर्मा, योगेश शर्मा, उमेश कुमार कश्यप, लखेश्वर यादव, मनीष चंद्रा, मनोज थवाईत, मुरली नायर, हर्षित तिवारी, सीताराम नायक, हरीश राठौर सहित बड़ी संख्या में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, वेब मीडिया के पत्रकारों ने सपरिवार पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर में पहुंचे पत्रकारों का कहना था कि जिला मुख्यालय में पहली बार पत्रकारों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता किसी ने करते हुए इस तरह का आयोजन किया है, जिसे हर साल होना चाहिए। जिस पर जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि समाजसेवी, वेद विषारद डॉ. गौरीशंकर कश्यप की स्मृति में आज का यह आयोजन किया गया है, पत्रकार साथी चाहेंगे तो एक वर्ष क्यों, हर 6 माह में उनके लिए यह आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद अरमान खान, राधे थवाईत, कृष्णा, पंकज यादव, आर्यन सिंह, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी एवम आमजन उपस्थित रहे। संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जांजगीर के संचालक डॉ लोकेन्द्र कश्यप ने बताया की आज के इस मेगा हेल्थ कैंप में आने वाले लोगों को ब्लड प्रेशर, ईसी जी, 2ष्ठ एको,ब्लड सुगर यूरिन टेस्ट, HBAvC, O&ygen saturation/BMI,CBC/serum creatinine/Cholesterol/ टी.एम.टी. (ट्रेड मिल टेस्ट), डेन्टल चेक अप सहित विभिन्न प्रकार की जांच की गई। आज के इस मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. लोकेंद्र कश्यप मेडिसिन विशेषज्ञ, वसुंधरा कश्यप (सीनियर डेंटल सर्जन), डॉ. निकिता सिंह (जनरल फ्रिजिशियन), जानू चश्मा घर के स्टाफ सहित संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जांजगीर के स्टाफउपस्थित रहे।

**25 लोगो ने कराया आई चेकअप, 30 ने ईसीजी तो 65 का हुआ अन्य जांच-** आज के इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई वही 30 से ज्यादा लोगों का ईसीजी किया गया, वही 65 लोगो का ब्लड प्रेशर, शुगर, सहित अन्य प्रकार की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर को लेकर पत्रकारों एवम उनके परिजनों में काफ्री उत्साह देखा गया।














## खबर-खास

### 'छेरछेरा... छेरछेरा..' की गूंज से गूंजा गरियाबंद,ढोल-नगाड़ों संग बच्चों ने निभाई लोक-परंपरा, घर-घर पहुंचा दान



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक छेरछेरा पर्व इस वर्ष भी पूरे उल्लास, श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक इस पारंपरिक लोक-पर्व की रौनक देखते ही बन रही है। गरियाबंद में सुबह होते ही बच्चों की टोलियां छेरछेरा छेरछेरा की मधुर पुकार के साथ सड़कों, गलियों और मोहल्लों में निकल पड़ीं, जिससे पूरा वातावरण लोक-आनंद से भर उठा। पुराना मंगल बाजार क्षेत्र में आज छेरछेरा पर्व का विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां कुछ बच्चे बाकायदा ढोल-नगाड़ों के साथ छेरछेरा मांगते नजर आए। बच्चे छत्तीसगढ़ी लोकगीत गाते हुए—

छेरछेरा कोठी के धान ला हेर-हेराब्की स्वर लहरियों के साथ घर-घर पहुंचे और परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया।

बच्चों ने टोकरी,चुंगड़ी और थैलों में अन्न, धान और दान एकत्र किया। यह दृश्य केवल मांगने का नहीं, बल्कि दान, त्याग और आपसी प्रेम की भावना का सशक्त प्रतीक बन गया। गली-मोहल्लों में बुजुर्गों, महिलाओं और परिवारजनों ने बच्चों को धान, चावल, नकद राशि और मिठाइयाँ देकर उनका उत्साह बढ़ाया और इस लोक-पर्व को श्रद्धा के साथ निभाया।ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ शहरी परिवेश में भी छेरछेरा पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया।आधुनिक जीवनशैली के बीच भी लोगों ने अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखते हुए इस परंपरा को ससम्मान आगे बढ़ाया। यह पर्व केवल बच्चों तक सीमित नहीं रहा,बल्कि बुजुर्गों और युवाओं ने भी सहभागिता निभाकर सामाजिक एकता और आपसी अपनत्व का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि छेरछेरा छत्तीसगढ़ का अत्यंत प्राचीन लोक-पर्व है,जो दान,समरसता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व नई पीढ़ी को संस्कार,परंपरा और सामूहिकता का पाठ पढ़ाता है और यह सिद्ध करता है कि छत्तीसगढ़ की लोक-परंपराएं आज भी जीवंत और सशक्त हैं।

### सुगम आवागमन सुविधा हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने 4.86 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गति मिल रही है। पंडरिया विधानसभा में क्षेत्र की सक्रीय विधायक भावना बोहरा जी के सतत प्रयासों से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे हर व्यक्ति को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। शुक्रवार को विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 4 करोड़ 86 लाख 26 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले कुल 3 सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने 1 करोड़ 83 लाख 95 हजार की लागत से निर्मित होने वाले बगदई से कौड़िया सड़क, 1 करोड़ 57 लाख 44 हजार की लागत से निर्मित होने वाले बनिया से कारेसरा मार्ग एवं 1 करोड़ 44 लाख 87 हजार की लागत से गांगीबहरा से हथलेवा सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार विकास, सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ जनाकांक्षाओं को पूरा करने प्रतिबद्ध है। सुदृढ़ सड़कें न केवल आवागमन को सरल बनाएँगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को भी नई दिशा देगी। हमारा यही प्रयास है कि हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और क्षेत्र की प्रगति हो। इसी कड़ी में आज 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया और जल्द ही यह सड़कें बनकर तैयार हो जाएँगी जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा। गाँव-गाँव तक पक्की सड़क, बिजली एवं शुद्ध पानी की पर्याप्त आपूर्ति, विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों से क्षेत्र की आर्थिक प्रगति एवं जनता व किसानों का सशक्तिकरण के लिए हम सतत प्रयास कर रहें हैं। विगत 2 वर्षों में पंडरिया विधानसभा ने विकास के कई आयाम स्थापित किये हैं। शहर से लेकर गाँव और गाँव से लेकर वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों तक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

# एन.एस.यू.आई सारंगढ़ विधानसभा अध्यक्ष अंकित पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी का पुतला दहन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )** प्रदेश मे भाजपा की सरकार बने दो साल पूरे हो चुके है लेकिन अभी तक सरकार के द्वारा पी.एस.सी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थीयों के लिए पी.एस.सी कैलेंडर जारी नहीं किया गया है जिससे अभ्यर्थीयों तथा तैयारी कर रहे बच्चों मे काफी असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसको ध्यान मे रखते हुए एन.एस.यू.आई विधानसभा अध्यक्ष अंकित पटेल के नेतृत्व मे एन.एस.यू.आई द्वारा कनकबीरा मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं पी.एस.सी. कैलेंडर जारी करने की मांग की गई।

एन.एस.यू.आई विधानसभा अध्यक्ष अंकित पटेल ने बताया की वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के द्वारा चुनाव से पूर्व बयान दिया गया था की दो साल के भीतर कैलेंडर बनाकर पारदर्शिता के साथ 1 लाख युवाओं को रोजगार देंगे तथा तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना के तहत डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी कार्यों मे लगाकर प्रति माह 10 हजार रुपये देने की बात कहीं गई थी लेकिन भाजपा सरकार बनने के दो साल



बाद भी आज तक पी.एस.सी कैलेंडर जारी किया नहीं गया है जिसके विरोध मे हमने मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का पुतला फूंककर सांकेतिक प्रदर्शन किया है अगर आने वाले समय मे जल्द से जल्द पी.एस.सी. कैलेंडर जारी न हुई तो हम वृहद रूप मे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

उक्त विरोध प्रदर्शन मे पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम बाजपेयी,जनपद सभापति एवं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विजय विक्की पटेल, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष मयंक पटेल,एन.एस.यू.आई जिला उपाध्यक्ष सुनील पटेल,जिला उपाध्यक्ष विशाल आनंद,महासचिव राहुल मैत्री,एन.एस.यू.आई विधानसभा उपाध्यक्ष मनीष पटेल, अनिल पटेल, दिनेश निराला, एन.एस.यू.आई विधानसभा महासचिव विशाल(रिंकू) पटेल,दुर्गेश पटेल, विकाश पटेल, अभिषेक यादव,भागीरथी यादव, जयंत पटेल,शत्राजीत बरीहा, चिंटू महंत, विक्कु बरीहा,सोनू पटेल,रोशन पटेल,सुजल पटेल,सुरेंद्र बरिहा एवं अन्य एन.एस.यू.आई, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पीएम श्री शाला पथर्रा के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

### आदिवासी संस्कृति से आधुनिक शॉपिंग माल देखे।

**कवर्धा।** छात्र-छात्राओं की अन्वेषण क्षमता, जिज्ञासु प्रवृत्ति, अवलोकन क्षमता, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता आदि के विकास हेतु विद्यालयों में शैक्षणिक भ्रमण का होना आवश्यक होता है जिससे वे पुस्तकों में प्रदर्शित पुरातात्विक स्थानों, औद्योगिक क्षेत्रों, वन्य क्षेत्रों से जुड़ी जैव विविधता बैंक, डाकघर, रेलवे-स्टेशन, एयरपोर्ट आदि के संचालन प्रायोगिक माध्यम से समझ पाएं। जिससे उनमें सह संज्ञानात्मक कौशलों का विकास हो सके।

प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पीएम श्री शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला पथर्रा के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया। पहला पड़ाव नया रायपुर में जंगल सफारी रही। छात्र-छात्राओं ने यहाँ वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में स्वतंत्रता पूर्वक विचरण करते देखा। बच्चे पिंजरे के बाहर रहकर वन्यजीवों को पिंजरे में देखने के बाद यहां वे खुद पिंजरे में रहकर वन्य जीवों को बाहर घूमते देखना उनके लिए आश्चर्यजनक था। जंगल सफारी में विद्यार्थियों ने शाकाहारी जीवों जैसे हिरण, चीतल, सांभर, नीलगाय, मोर आदि देखे। भालू, बाघ, शेर जैसे मांसाहारी जीव भी देखे। सफारी के पाश्चात्य चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के जीवों को देखा और उनसे जुड़ी जानकारियां ली.. जैसे सफेद बाघ, शेर, जंगली कुत्ते, भेड़िये, सियार, लकड़बघ्घा, दरियाई घोड़ा, मगरमच्छ, कई प्रकार के हिरण, सर्प, तितलियाँ एवं पक्षी देखे एवं उनके प्राकृतिक आवास खान पान एवं भौगोलिक क्षेत्र को समझा।



दूसरा पड़ाव शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेवानी संग्रहालय रहा जहां छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथाओं और उनके संघर्षों को जाना। शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद वीर गेंदसिंह, शहीद झाड़ा सिरगा आदि की जीवनी को प्रदर्शनी, चल चित्रों झाँकी आदि के माध्यम से समझा। इसके बाद छत्तीसगढ़ आदिवासी संस्कृति संग्रहालय का भ्रमण हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न आदिवासी समुदायों जैसे, गोड़, बैगा, मारिया, मुरिया, गौर आदि के धार्मिक अनुष्ठान, खान-पान, वेषभूषा, बाजार, गहनों, शिकार के हथियार, शिकार के तरीकों, खाद्य प्रसंस्करण, लोकगीत, नृत्य आदि के बारे में देखा जाना व अनुभव किया।

अपनी संस्कृति और परंपरा के बाद विज्ञान और विकास के दर्शन में स्वामी विवेकानंद विमानतल जाकर विद्यार्थियों ने हवाई जहाज और उसकी उड़ाने देखी। हवाई यात्रा की जानकारी ली। इसके बाद शहरी जीवन के पर्याय कहे जाने वाले शॉपिंग मॉल देखने अंबुजा सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल पहुंचे। सामान्य बाजारों से मॉल कैसे अलग होते हैं। किस तरह तकनीक का उपयोग होता है.। लिफ्ट का उपयोग, एक्सीलेटर पर चढ़ना, क्रिकेट की बॉलिंग मशीन, इंडोर लंदन बस, मिनी ट्रेन आदि का आनंद लिया। त्योहारी सजावट आदि का आनंद लिया। विभिन्न मल्टी ब्रांड स्टोर पर जाकर कपड़ों, जनरल सामग्रियों फल सब्जियों की बिक्री कैसे की जाती है पैसे कैसे दिए जाते हैं आदि को बच्चों ने जाना। शॉपिंग मॉल बच्चों के लिए एकदम अलग और खास अनुभव रहा मॉल प्रबंधन ने भी शाला को छात्र छात्राओं के भ्रमण के लिए पूर्णत: सहयोग किया।

शैक्षणिक भ्रमण का संचालन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भगत सिंह मेरावी, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक माध्यमिक चंद्रमौली शर्मा, प्राथमिक विनोद कुमार चन्द्रवंशी शिक्षक शिवकुमार चन्द्रवंशी, रोहित साहू, भागवत साहू, अतिथि शिक्षक डोमन यादव, जगेश्वरी पाली, भोजन दीदी सरस्वती साहू, दुखिया धुर्वे, रूपा मेरावी, स्वच्छता कर्मचारी कुमेश चौहान एवं शाला के पूर्व छात्र छात्रा अमिता मेरावी, सरिता, सुनील, चंद्रमा, अर्पित आदि शामिल रहे। अस्सी से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस यादगार भ्रमण का आनंद लिया।

## रजत जयंती वर्ष पर पुलिस की सराहनीय पहल-भव्य रक्तदान शिविर,भाजपा नेता गफ्फू मेमन बोले: पुलिस का यह प्रयास समाज के लिए मिसाल

**गरियाबंद।** राज्य में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला पुलिस विभाग द्वारा जिला अस्पताल गरियाबंद में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।यह पहली बार है जब गरियाबंद पुलिस द्वारा इतने बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हुए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर पुलिस विभाग की पहल की हर वर्ग में सराहना हो रही है।

रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी,आम नागरिक और युवा रक्तदाता पहुंचे। शिविर में अब तक लगभग 92 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिए।

ज्ञात हो कि छ.ग. भारत का 26वां राज्य बनने के बाद अपनी संस्कृति विरासत को सहेज कर विकास के लक्ष्यों को हासिल कर देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस ''रजत जयंती'' के अवसर पर गृह विभाग (गरियाबंद पुलिस) के द्वारा जिला अस्पताल गरियाबंद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल,के साथ अन्य पुलिस जवानों एवं स्थानीय युवाओं के साथ लगभग 92 से अधिक रक्तदाताओं के द्वारा 'जनसेवा और सुरक्षा' के लिए रक्तदान किये।



पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस रक्तदान शिविर के उद्देश्य के संबंध में ताया कि छ.ग. राज्य के 25 वर्षों का यह सफर गौरवशाली रहा है। जिसे हम रजत जयंती के रूप में मना रहे है। पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नही बल्कि जन-सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहना चाहते हैं। एक यूनिट रक्त किसी का जीवन बचा सकता है, और हमारे जवानों ने आज सेवा का नया उदाहरण पेश किया है। रक्तदान जरूरतमंदों की मदद करना और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। इस नेक कार्य में पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, आरक्षकों और बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम और सहयोग करने वाले सभी स्वयंसेवी संगठनों का आभार व्यक्त किया गया। रक्तदाताओं को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

शिविर में विशेष रूप से पहुंचे भाजपा नेता एंव पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।उन्होंने स्वयं रक्तदान करने आए लोगों से बातचीत की, उनका मनोबल बढ़ाया और पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे इस मानवीय प्रयास की जमकर सराहना की। इस अवसर पर गफ्फू मेमन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार भेंट कर उनका सम्मान भी किया। भाजपा नेता गफ्फूमेमन ने पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर और उनके पूरी टीम की खुले शब्दों में प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पुलिस विभाग समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहा है।यह शिविर न केवल रक्तदान तक सीमित है,बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा देने वाला अभियान है।

## तहसील साहू संघ पाटन की आवश्यक बैठक संपन्न, अब 12 जनवरी को होगा युवा महोत्सव

**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज साहू सदन अटारी पाटन में आयोजित की गई।बैठक की शुरुआत समाज की देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से हुई।

तहसील साहू संघ पाटन अध्यक्ष लालेश्वर साहू के द्वारा आयोजित तहसील स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मे जिला के चुनाव पश्चात शपथ कार्यक्रम के बाद प्रथम बार जिला से विशेष रूप से जिला साहू संघ दुर्ग के जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू , जिला महासचिव अश्वनी साहू, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप साहू, उपस्थित रहे।

बैठक के मुख्य बिंदु:आगामी कार्यक्रम: 7 जनवरी को राजिम जयंतीमे शामिल होने सहित 12 को जनवरी युवा महोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। इकाई अध्यक्षगणो ने मृत्यु भोज पर चर्चा करते हुए सभी इकाई पर नियम अनुसार परिपालन करने तहसील द्वारा निर्देशित करने अपने बात कही।

बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा, आप सबकी एकजुटता ही समाज की शक्ति है. और आने वाले 7जनवरी को राजिम जयंती का आयोजन है।जिसमे समय सबकी जवाबदेही है की उस दिन प्रत्येक इकाई से लोगो की उपस्थिति रहे व प्रत्येक इकाई मे प्रत्येक परिवार, घरो मे दीपक जलाकर रोशन किया जाय। युवा सम्मलेन 11 जनवरी को अयोजित किया गया था जिसे अब परिवर्तन कर 12 जनवरी को होगा। तहसील के प्रत्येक परिक्षेत्र व स्थानीय इकाई के सहयोग से तहसील समाज, जिला व प्रदेश स्तर पर प्रत्येक आयोजनों व निर्णायक कार्यों निर्णय पर अग्रणी होगा। जिसमे सबकी सहभागिता इसी





प्रकार से रहे। राजिम जयंती कार्यक्रम की रुपरेखा व युवा महोत्सव कार्यक्रम की भव्यता को ऐतिहासिक रूप से बनाए रखने हेतु युवा युवतियों की भागीदारी आधिक से आधिक हो।साथ ही सभी परिक्षेत्र व स्थानीय स्तर पर युवाओं को टीमवर्क के साथ बैठक किया जाना सुनिश्चित किया गया।प्रत्येक इकाई से पुरे पाटन तहसील के प्रत्येक गांव, निवास के समाजिक जनों की उपस्थिति राजिम जयंती और युवा महोत्सव कार्यक्रम मे आधिक से आधिक हो।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा की चुनाव के बाद शपथ पश्चात आज पाटन के बैठक मे आने का सौभाग्य मिला. समाज परिवार का बड़ा रूप है. हमें परिवार समाज की परिभाषा समझनी होगी. आज अगर मै जिलाध्यक्ष हूँ तो मुझे जिलाध्यक्ष होने का घमंड नहीं होना चाहिए, जिलाध्यक्ष सिर्फ एक निर्वहन का पद है सर्वप्रथम हम समाज के सेवक है. हमें गिला शिकवा छोड़कर समाज सेवा करनी चाहिए. समाज सेवा नरायण सेवा है. आज बड़ी संख्या मे तहसील के इस बैठक मे आप सभी इकाई अध्यक्ष व परिक्षेत्र से बहुत संख्या मे शामिल हुए हो उसके लिए आप सब बधाई के पात्र है।ऐसे ही एकजुटता से समाज के सभी आयोजन कार्यक्रम मे बढ़चकर हिस्सा लेना है शामिल होना है। इसी शुभकामनाये के साथ सबको बधाई।

जिला दुर्ग महासचिव अश्वनी साहू,कोषाध्यक्ष दिलीप साहू ने आगामी कार्यक्रम राजिम जयंती मे सभी इकाई से भारी संख्या मे शामिल होने की बात कही साथ ही तहसील मे 12 जनवरी को आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने युवा साथियो को टीम के साथ कार्यक्रम की सफलता पर आगे बढ़कर कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की बात कही।

साथ ही वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए ग्रामीण स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती विमला साहू उपाध्यक्ष , सुरेन्द्र कुमार साहू संगठन सचिव ,श्रीमती भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव,महासचिव महेन्द्र कुमार साह, कोषाध्यक्ष नारद साहू , पुरन लाल साहू वरिष्ठ सलाहकार , दिनेश साहू सलाहकार , अशोक साहू सलाहकार ,मोरध्वज(मोनू) साहू सलाहकार ,दिलीप साहू सलाहकार ,सरजुराम साहू सलाहकार गंगादीन साहू, श्रीमती गीता साहू, दिलीप साहू , श्रीमती हेमलता साहू विनोद साहू , चन्द्रिका साहू ,अनिल कुमार, रविशंकर साह, कल्याण साहू, रोहित साहू ,डिजेन्द्र कुमार, मधुकांत साहू साहू , योगेश साहू,श्रीमती कोमिन साहू, श्रीमती खेमलता साहू, श्रीमती कालिन्दी साहू, छन्नू लाल साहू, बिहारी लाल साहू ,डॉ रामनाथ साहू,डॉ प्यारेलाल साहू,डॉ तामेश साहू , डॉ सुरेश साहू,राजेन्द्र साह, रमेश कुमार साहू , धनेश्वर साहू , गुमान साहू , मुकेश साह, गैंद सिंग साहू, संजू साहू , हितेन्द्र कुमार साहू ,अनिल साहू, बीरेन्द्र साह प्रदीप साहू , युगल साहू, आनन्द चंदन, रूपेंद्र साहू, कृष्णा साहू,, कल्याण सिंह साहू, श्रीमती भारती साहू - प. उपाध्यक्ष श्रीमती कोमल साहू,श्रीमती जोगेश्वरी साहू,गीता साहू,धनेश्वरी साहू,हेमराम साहू अध्यक्ष परि. क्षेत्र बेल्हारी,भूपेन्द्र कुमार साहू,छगन लाल साहू,बलदेव राम साहू बद्रीनाथ साहू,थान सिंह साहू, रमेश कुमार साहू,कौशल गंजीर, हितेश कुमार साहू,तामेश्वर साहू,छत्रपाल सिंह साहू,महेश साहू,श्याम लाल साहू,दिलीप कुमार साहू,महकाऊ राम साहू,छगन साहू,ओम प्रकाश साहू,

नंद कुमार साहू,भुवन लाल साहू,शेषनारायण साहू,मधुकांत साहू,चुम्मन कुमार, डिजेन्द्र कुमार साहू,रमन कुमार साहू,सुन्दर काका साहू,राजकुमार साहू, वेदप्रकाश साहू,चित्रांक्ष साहू,गिरजाशंकर साहू,अशोक कुमार साहू,जोगीराम साहू,नबासी साहू,प्रहलाद साहू,मानसिंह साहू,मुकेश कुमार साहू,योगेश्वर साहू,रमेश कुमार साहू,गिरीश साहू,जितेन्द्र हिरवानी,दानीराम साहू,युधेश्वर कुमार,

महेश कुमार साहू,राजू साहू,अर्जुन साहू, आशीष साहू,सुरेन्द्र साहू,धीरज कुमार साहू,भुनेश्वर साहू,चेतन लाल साहू,शंकर साहू,पवन कुमार साहू,मनोहर लाल साहू,तेजराम साहू,लालाराम साहू,बाबा कुमार साहू,नरेश साहू,घनश्याम साहू,शत्रुघ्न साहू,

जयंत कुमार साहू, मीडिया से अनिल साहू, करन साहू, खीलेश साहू तथा तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों सहित परिक्षेत्र व स्थानीय पदाधिकारी,सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन ने किया। तथा बैठक मे आए तहसील पदाधिकारियों सहित परिक्षेत्र व स्थानीय समाज से आये स्वजातीयजनों का आभार व्यक्त किया, व युवा महोत्सव व राजिम जयंती कार्यक्रम मे भारी संख्या मे उपस्थित होने अपील किया

## संक्षिप्त-खबर

### संजय बहादुर सिंह बने क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह को क्षत्रिय करणी सेना का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत की सहमति से उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ से सक्रिय सदस्य के रूप में संजय बहादुर से लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और अपने सामाजिक दायित्व का लगातार निर्वहन कर रहे हैं, इसके चलते उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है, इसके पूर्व श्री बहादुर को छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया, उनकी कार्यशैली और समाज के प्रति लगाव को देखते हुए क्षत्रिय करणी सेना ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के विस्तार के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर राजपूत समाज से राजपूत समाज के संरक्षक जय नारायण सिंह, आरपी भदौरिया, सुनील सिंह परिहार, नरेंद्र बहादुर सिंह, लाल मुनाई सिंह, गोल्डी भदौरिया, जितेंद्र सिंह जीतू, कपिल सिंह चौहान, मोनू बहादुर सिंह, अजय कुशवाहा, संजय सिंह राजपूत, संतोष सिंह राजपूत, अमन बहादुर सिंह आदि हर्ष व्यक्त किया है।

### महापौर ने किया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का औचक निरीक्षण



**राजनांदगांव।** नगर के महापौर मधुसूदन यादव ने द्वारा शहर के गौरवए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम के मैदान की स्थिति (एस्ट्रोटर्फ) बदलने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही खिलाड़ियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। महापौर ने एस्ट्रोटर्फकी गुणवत्ता की जांच की और खेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैदान की सफाई और पानी के छिड़काव में कोई कोताही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेंजिंग रूम, जिम और खिलाड़ियों के विश्राम गृह का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा, यह स्टेडियम हमारे शहर की पहचान है और यहां से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि हम खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करें। स्टेडियम के उन्नयन के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भूषण साव, रमेश डाकलिया, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, प्रिंस भाटिया, रणविजय प्रताप सिंह, छोटे लाल रामटेके (पार्षद), अजय झा, प्रकाश शर्मा, विजय शर्मा, दीपक यादव, चंदन भारद्वाज, कुमार स्वामी, रॉबिन गाटलिब, किशोर धीवर, शकील अहमद (खेलो इंडिया कोच), अनीश रजा, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, सचिन खोब्रागढ़े, योगेश द्विवेदी, अभिनव मिश्रा, तौफीक अहमद, राजेश निर्मलकर, प्रवीण यादव, कृष्णा यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### संत रामपाल महाराज जी की अन्नपूर्णा मुहिम की सेवा भावना निरंतर जारी गरीब परिवार का चौथी बार करी मदद

**पाटन।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज जी की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत पाटन ब्लॉक में दो जरूरतमंद परिवारों को एक माह का राशन, कपड़े व अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। जिसमें पहला लाभार्थी ग्राम कोपेडीह निवासी हृदय रोगी मनदयाल शर्मा के परिवार को चौथी बार सहायता दी गई। वे एम्स रायपुर में उपचाररत हैं तथा परिवार में पत्नी सहित चार छोटे बच्चे हैं। यह सहायता 2 जनवरी 2026 को एक माह का राशन सामग्री के साथ साथ गैस सिलेंडर रिफिल, दवाइयां, एवं इस परिवार द्वारा बिजली बिल भुगतान न करने के कारण घर की लाइन बिजली विभाग द्वारा काट दी गई थी जिसे संत रामपाल महाराज जी के अनुयायियों द्वारा रुपए 6090 का बिल भुगतान करके पुनः शर्मा परिवार में रोशनी की इस परिवार में अन्नपूर्णा मुहिम के तहत प्रथम बार सेवा 3 अक्टूबर 2025 को शुरू हुई थी जो आज तक निरंतर जारी है।

इसी तरह ग्राम जामगांव एम की श्रीमती आशा रात्रे, पत्नी स्व. राकेश रात्रे को छठवीं बार राशन सामग्री व इनके दो बच्चों के लिए उपयोगी सामान प्रदान किए गए। स्व. राकेश रात्रे किडनी रोग से पीड़ित थे।

शिष्यों ने बताया कि अन्नपूर्णा मुहिम के तहत इन जरूरतमंद परिवारों को यह सहायता तब जारी रहेगी जब तक उनकी स्थिति सामान्य नहीं हो जाती।

## तमनार में महिला पुलिसकर्मी पर बर्बरता के विरोध में जोगी कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री-सीएम के पुतले का किया दहन



**राजनांदगांव।** रायगढ़ के तमनार में महिला पुलिसकर्मी से हुई बर्बरता के खिलाफ आज अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े का पुतला मानवमंदिर चौक में दहन किया।

इस दौरान शमसुल आलम ने कहा कि भारत माता के अलावा छत्तीसगढ़ महतारी को ही बस माता का दर्जा दिया गया है, लेकिन भाजपा शासन पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और अन्य मंत्री जनता की समस्याओं को अनदेखा कर केवल अपने निजी स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के तमनार में महिला पुलिसकर्मी पर हुई बर्बरता शर्मनाक है और यह पूरी सरकार की असफलता को उजागर करता है।

आलम ने यह भी आरोप लगाया कि ष्सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की और महिला पुलिसकर्मी को मदद देने के बजाय उन्हें अकेले छोड़ दिया। यदि प्रशासन तत्काल कार्रवाई करता तो यह घटना नहीं होती। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो जोगी कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी।

जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने गृहमंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग की और मुख्यमंत्री से रायगढ़ कलेक्टर और एसपी को तत्काल बर्खास्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने शीघ्र इस मामले में कार्रवाई नहीं की, तो रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास के सामने बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर शमसुल आलम के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें ग्रामीण जिलाध्यक्ष नमन पटेल, शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, जिला महासचिव ऋषभ रामटेके, बालोद जिलाध्यक्ष मिलाप बघेल, मुकेश साहू, अनवर खान, साहिल खान, महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष शकुंतला राउत, आकाश पटेल, आदि निषाद प्रमुख रूप से शामिल थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री विजय शर्मा को सद्बुद्धि देने के लिए रघुपति राघव राजा राम का गुणगान भी किया।

## तुरतुरिया में लहराया सतनाम का झंडा



**पिथौरा( समय दर्शन )।** पौष पूर्णिमा 3 दिसंबर 2026को बाल्मीकि आश्रम के पास जोड़ा जैतखाम परिसर तुरतुरिया में आरती पूजन पालो चढावा का कार्यक्रम सामाजिक पदाधिकारियों के संयोजन में सम्पन्न हुआ।

बीते पांच दसक पूर्व सतनाम पंथ धर्म के प्रचार प्रसार के दौरान वर्ष -1975-76 में सतलोकि महंत सुंदरलाल कोसरिया के नेतृत्व मे पंडित विश्राम प्रसाद तिवारी लवन वाले एवं उनके सहयोगी, सदस्य भकला सतनामी रामपुर, स्व प्रेमलाल कोसरिया,लक्ष्मीदास प्रभाकर, भीखमदास,उत्तरी दास प्रभाकर द्वारा जोड़ा जैतखाम स्थापित कर जैत खाम में पूजा अर्चना करआरती मंगल के साथ जोड़ा जैत खाम में पालो चढ़ाया गया था।

जहां प्रतिवर्ष पौष पूर्णिमा के दिन तुरतुरिया के बाल्मिकी आश्रम के द्वार में स्थित जोड़ा जैतखाम में आरती पूजन कर पालो चढावा का कार्यक्रम होता है।

इस वर्ष भी राजमहंत प्यारेलाल कोसरिया,राजमहंत सी आर टंडन राजमहंत पी के ग्रीतलहरे की अगुवाई में जोड़ा जैत खाम में पूजा अर्चना आरती मंगल गान कर पालो चढ़ावा कार्यक्रम सम्पन्न करवाया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति तरुवर कोसरिया ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा,सुलोचनी देवी कोसरियाअध्यक्ष गुरुघासीदास जयंती तुरतुरिया मेला समिति, द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।

जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सतनाम प्रसादी ग्रहण किया गया।

गुरु घासीदास जयंती मेला तुरतुरीया में , तरुवर कोसरिया,रामदास जांगड़े बिलाईगढ़ पूर्व प्रदेश प्रबंध कार्यकारणी सदस्य, सालिक राम ग्रीतलहरे ब्लॉक अध्यक्ष बिलाईगढ़, विनोद चेलक पूर्व अध्यक्ष सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति कसडोल, धरमसिंह बर्मन अध्यक्ष अठगवां कमेटी सपोस, दौलत बर्मन,अजीत प्रभाकर, सत्यकुमार जोशी, अध्यक्ष अठगवा कमेटी लाखागढ़, रमेश बघेल, छबिलाल भंडारी, पुरुषोत्तम भंडारी, अक्तिराम ओगरे,बड़ेसाजपाली, पुकराम कुर्रे प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल कटगी, गनपत कोसरिया,मनोज कोसरिया, सत्येन्द्र कोसरिया, रंजना कोसरिया, सुमन कोसरिया, प्रिया हेमन्त कोसरिया,लोकनाथ रात्रे सईहामाडा, बलदेव,बलराम सतनामी ग्राम भिंभोरी के अलावा साधु संत साहित्यकार सामाजिक पदाधिकारी कार्यकर्ता भाग लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

## यादव ठेठवार समाज की राज पार सामाजिक बैठक सम्पन्न, एकता व सामंजस्य पर हुआ मंथन




**थानखम्हरिया:-** यादव ठेठवार समाज की राज पार सामाजिक बैठक का आयोजन ग्राम केवतरा (साजा) में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती, आपसी सामंजस्य एवं सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे और सामाजिक कुरीतियों को दूर कर संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री जितेन्द्र यदु, जिला पदाधिकारी डॉ. बी.पी. यदु, रामसिंह यदु, भागीरती यदु, मेघनाथ यदु सहित समाज के अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लेखपाल यादव (परमानन्दन) यदु ङ्क अध्यक्ष, तोरन पुन्नी यादव गुवारा ङ्क उपाध्यक्ष, कुमेश्वर यादव केवतरा ङ्क उपाध्यक्ष, लिकेश्वर यादव तेन्दुभाठा ङ्क सचिव, सुशील यादव बोरतरा ङ्क महासचिव, देवनाथ यादव चारभाठा ङ्क कोषाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में सामाजिक एकजुटता, युवाओं की भागीदारी, शिक्षा के प्रसार तथा समाजहित में सामूहिक निर्णय लेने पर विशेष जोर दिया गया। अंत में समाज की प्रगति एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ बनाए रखने के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

## एस डी एम का हवाला देते हुए अवैध धान से भरा हुआ ट्रक को दबंगई से पटवारी ने छुड़वाया

### ओड़िशा पासिंग ट्रक से 420 बोरे धान का किया जा रहा था अवैध परिवहन

### पटवारियों के जांच दल ने रोका थाअवैध धान से भरा वाहन



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्र में लगातार हो रहा अवैध धान का अन्यत्र परिवहन मामले ने तूल पकड़ लिया है।

धान तस्करी पर नकेल कसने निकले पटवारियों के जांच दल को पहले धान मालिक पश्चात् उसके साथी प्रभावशाली पटवारी द्वारा और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है।

उड़ीसा नंबर की मिनी ट्रक से अवैध परिवहन कराये जाने में भंवरपुर हल्का पटवारी लालकृष्ण देवांगन की संलिप्तता पाये जाने पर पटवारी संघ में आक्रोश देखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025/26 के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में शेष किसानों के टोकन एवं भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी प्रशासन ने पटवारियों को दी है। अलग अलग मार्गों पर अवैध धान परिवहन रोकने के लिए भी पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उमरिया भंवरपुर मार्ग की जिम्मेदारी पटवारी तिलक राम चौधरी, क्षीरसागर पटेल, विजय कुमार ठाकुर एवं सुरेन्द्र कुमार डड़सेना को दी गई थी। 21 दिसंबर की रात को अवैध धान परिवहन की सूचना मिली थी। एस डी एम के निर्देशानुसार पटवारी तिलक राम चौधरी, क्षीरसागर पटेल, विजय कुमार ठाकुर एवं सुरेन्द्र कुमार डड़सेना गश्त पर निकले थे। 21 दिसंबर 2025 की रात को लगभग 03 बजे सरायपाली से भंवरपुर के तरफआ रहे उड़ीसा नंबर की ट्रक क्रमांक ह्रष्ठ, स्न 8793 को उमरिया भंवरपुर नाला के पास रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने ट्रक में 420 कट्टा धान होना बताया जिसकी सूचना एस डी एम राजस्व को दी गई। इसी दौरान वाहन मालिक को पता चलते ही वहां पहुंच कर पटवारी लालकृष्ण देवांगन से बात करवाकर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। बात नहीं बनने पर लालकृष्ण देवांगन पटवारी ने आकर पटवारियों को धमकाते हुए कहा कि ये मेरा धान है ।एस डी एम, तहसीलदार ,मंडी अधिकारियों से से बात हो गई कहते हुए दबंगता के धान से भरे ट्रक को वापस सरायपाली तरफ भगा दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पटवारी संघ ने एसडीएम, कलेक्टर को लिखित शिकायत देते हुए आडियो वीडियो प्रमाण उपलब्ध होने की बात कही है।

बता दें कि अवैध धान परिवहन को लेकर शासन प्रशासन के निर्देशानुसार पटवारियों ने पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं लेकिन एक ऐसे पटवारी जिन्होंने शासन के नियमों की अवहेलना करते दबंगई किया है।

जो नोबल मीडिया में भी खूब वायरल हो रहा है।

## अखण्ड नवधा रामायण में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, मानस संघ अध्यक्ष श्रवण साहू हुए सम्मिलित



**थानखम्हरिया** समीपस्थ ग्राम अकोला में आयोजित त्रिदिवसीय अखण्ड नवधा रामायण में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। इस पावन अवसर पर मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ संघ के सचिव रविदास मानिकपुरी एवं संगठन मंत्री विनोद साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनका आयोजन परिवार द्वारा श्रीफल, बैच से स्वागत किया गया।

अपने ओजस्वी संबोधन में श्रवण साहू ने ग्राम अकोला के गौरव प्रेमू साहू, बहल राम साहू एवं डाकवर ठाकुर का उल्लेख करते हुए अकोला की माटी को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से ही छत्तीसगढ़ के गांवों में भगवान राम के प्रति अटूट आस्था बनी हुई है। नवधा रामायण जैसे मानस यज्ञ न केवल भक्ति का संचार करते हैं, बल्कि गांव में एकता, भाईचारे और सामंजस्य को भी मजबूत करते हैं।

नवधा रामायण में दूर-दराज से पहुंची मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुत की जा रही भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण राममय हो उठा है। कार्यक्रम में विद्यालयीन बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता भी देखने को मिल रही है, जो आयोजन को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संचालक डाकवर ठाकुर, उगेश साहू, दुर्गेश यादव, राजेन्द्र निषाद, व्यवस्थापक अनिल, श्रवण, खेमसिंह, बुधदेव, श्यामलाल, साथ ही बहल राम, उत्तम सिंह, जगाधर सहित समस्त ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण

### अवैध कब्जा हटाने नायब तहसीलदार ने जारी किया था नोटिस

### निर्मल सिदार के द्वारा शासन के नियमों की अवहेलना कर धड़ल्ले से किया जा रहा अवैध निर्माण

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किये जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के शिकायत पर नायब तहसीलदार ने अवैध निर्माण रोके जाने नोटिस जारी किया है, लेकिन अतिक्रमण कारी के शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है।जिसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है।

बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में नरवा,गरवा घुरवा अऊ बारी के संरक्षण हेतु प्रत्येक पंचायत में गौवंश को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण किया गया है।

बता दें कि बसना विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में गौठान के लिए एक एकड़ जमीन आरक्षित कर निर्माण कार्य कराया गया था परन्तु निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पूर्व के भूपेश सरकार



ने एक अच्छे सोच के साथ लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रखने हेतु गौठान योजना लागू किया था। जमीनी स्तर पर यह योजना सफल नहीं हो पाया लेकिन अतिक्रमण कारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आबंटित शासकीय भूमि को कब्जा करने जरा भी नहीं सोचा कि भविष्य में क्या होगा। ग्राम पंचायत बरोली में गौठान की शासकीय भूमि पर निर्मल सिदार, अस्पताल कर्मचारी क्वार्टर के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर कंसराम एवं अन्य लोगों के द्वारा बरोली के धरोहर पहाड़ी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। जिसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। नव निर्वाचित सरपंच को पता चला कि गौठान के लिए आरक्षित भूमि है। ग्राम पंचायत बरोली के सरपंच के द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी किया गया था।

**गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का पंचायत को अधिकार** उल्लेखनीय है कि गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा होने पर छत्तीसगढ़ राज पंचायत अधिनियम 1993 के तहत् ग्राम पंचायत को अतिक्रमण हटाने का अधिकार है और पंचायत धारा 56 के तहत कार्रवाई कर सकता है।

पंचायत राज अधिनियम में प्रावधान है कि पंचायत में प्रस्ताव कर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत् गांव की सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन व उसमें अतिक्रमण रोकने का दायित्व छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23